# Additional Evidences for Awareness, Extension, Outreach Activities and Holistic Development Programmes for SAR 2023-2024

## Government Degree College Banjar

**District- Kullu, Himachal Pradesh - 175123**

**Email: gcbanjar-hp@nic.in**
**Phone No - 01903-221602**

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा अकादमिक सत्र: 2023-24 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों का क्रमवार विवरण:

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, बन्जार के लिए वित्तीय सहयोग**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 03 मई, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : श्री राज कुमार शर्मा, श्री सुरेन्द्र बौद्ध तथा श्री राकेश कुमार शर्मा**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 10**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के स्वयं-सेवियों को इकाई की नियमित गतिविधियों में जलपान तथा भोजन इत्यादि की व्यवस्था के लिए गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने हेतु पंजाब नेशनल बैंक की कलाथ शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक श्री राज कुमार शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक शाखा हरिपुर के वरिष्ठ प्रबंधक श्री सुरेन्द्र बौद्ध तथा अखाड़ा बाजार स्थित केनरा बैंक शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक श्री राकेश कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया जिसके आधार पर इकाई द्वारा स्थानीय शारदा गैस एजेंसी से इकाई के लिए महाविद्यालय प्राचार्य के पदनाम से कनेक्शन लेकर एक गैस सिलेंडर रेगुलेटर व गैस पाइप सहित प्राप्त किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार इस अमूल्य योगदान के लिए श्री राज कुमार शर्मा, श्री सुरेन्द्र बौद्ध तथा श्री राकेश कुमार शर्मा का हृदय की गहराईयों से हार्दिक आभार ज्ञापित करती है।






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छात्रा सम्मान**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 06 मई, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : श्रीमती अनीता शर्मा**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 50**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना "स्वयं से पहले आप" को व्यवहारिक रूप में जीवन्त करने के लिए वाणिज्य विभाग की तृतीय वर्ष की छात्रा श्रीमती अनीता शर्मा को इकाई के सत्र: 2022-23 की सम्पूर्ण गतिविधियों की समीक्षा के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रम में महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में दिनांक: 06 मई, 2023 को मुख्य अतिथि बनाकर सम्मानित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर ने की जबकि सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार इस कार्यक्रम में उपस्थित रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की वर्ष भर की गतिविधियों के महत्वपूर्ण अंश PPT तथा वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित कर इकाई के सत्रावसान की समीक्षा की गई। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम की छात्रा मुख्य अतिथि को खतग तथा डाक्यूमेंट फाइल देकर सम्मानित किया गया। उनके साथ आई महाविद्यालय की पूर्व छात्रा शबनम को भी इकाई द्वारा सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि श्रीमती अनीता शर्मा द्वारा अपनी जेब खर्च की राशि से पैसे बचाकर एक जरूरतमंद विद्यार्थी को जमा एक कक्षा की विज्ञान विषय की सारी पुस्तकें लगभग 4000/- रूपए में खरीद कर भेंट की गईं। अपने सम्बोधन में अनीता शर्मा द्वारा सभी का आभार प्रकट करते हुए सभी से दूसरों के जीवन में भी खुशियां बांटने का आह्वान किया। प्राचार्य महोदय द्वारा सभी को अनीता से प्रेरणा लेकर जीवन में संवेदनशील बनने की बात कही गई। उन्होंने सभी से पूरे बंजार क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। अन्त में आभार ज्ञापन उपरांत सामूहिक राष्ट्रगान के साथ विधिवत रूप से कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : विश्व साइकिल दिवस**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 03 जून, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. रेणुका थपलियाल**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 59**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 03 जून, 2023 को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य प्रो. रामा नन्द द्वारा साइकलिंग के महत्व पर विशेष व्याख्यान दिया गया। उन्होंने दैनिक जीवन में साइकलिंग के महत्व, प्रदूषण मुक्त परिवहन तथा पर्यावरण संरक्षण में साइकलिंग के योगदान को भी उजागर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्या व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की परिसर समन्वियका डॉ. रेणुका थपलियाल भी मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर ने जीवन में साइकलिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी युवाओं से साइकलिंग को स्थानीय परिवहन के रूप में प्रचारित करने पर बल दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके पश्चात् सामूहिक राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/kWqgnP_FgU/?mibextid=2Rb1fB







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : विश्व पर्यावरण दिवस सम्बन्धी तैयारियां**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 04 जून, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने दिनांक: 04 जून, 2023 को सभी स्वयं-सेवियों के साथ मिलकर आगामी पर्यावरण दिवस के आयोजन बारे तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इसके तहत स्वंय-सेवियों ने पौधारोपण के लिए 205 गड्ढे खोद कर तैयार किए और महाविद्यालय के समीपस्थ वन विभाग की भूमार स्थित पौधशाला से 205 पौधे पैदल लाकर महाविद्यालय परिसर में रखे गए। सम्पूर्ण कार्य समाप्त कर स्वयं-सेवियों द्वारा जलपान उपरांत आज का तैयारियों पर आधारित कार्यक्रम समाप्त हो गया।










**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष पौधारोपण कार्यक्रम**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 05 जून, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. (डॉ.) वरयाम सिंह नेगी**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 60**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 05 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के विदेशी भाषा अध्ययन विभाग में रूसी भाषा के आचार्य व अधिष्ठाता भाषा अध्ययन रहे सेवानिवृत्त प्रो. वरयाम सिंह नेगी जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. वरयाम सिंह नेगी, प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर, कार्यालय अधिक्षिका धनवंती कौशल, उपप्राचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल तथा हिमाचल दर्पण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की उपसम्पादिका आशा डोगरा ने अन्य शिक्षकों व स्वयं-सेवियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इसमें सभी ने मिलकर दाड़ू

के 100, देवदार के 25, रीठे के 20, आमलोक के 25, वान के 10, अखरोट के 25 कुल मिलाकर 205 पौधे रोपित किए। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि प्रत्येक स्वयं-सेवी द्वारा रोपे गए पौधे को उन्होंने अपने इष्ट देवी-देवताओं के नाम पर समर्पित किए और उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर समर्पित पौधे विशेष रूप से स्थानीय देवताओं श्री श्रृंगा ऋषि, छांजणु छमाहुं, मार्कण्डेय ऋषि, पल्दी छमाहुं, लोमश ऋषि, छमाहुं वासुकी नाग, पझारी नारायण, देवता घटोत्कच्छ, अनन्त बालू नाग, सरेऊली शेषनाग, शेषनाग जिभी, खुडी जहल, विष्णु नारायण चेथर, पाली नाग मोहणी, शंचूल महादेव, विभाण्डक ऋषि, लक्ष्मी नारायण, हंसपुरी महाराज आदि देवताओं को समर्पित करके रोपित किए गए। इसके पश्चात् महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रो. वरयाम सिंह नेगी ने स्वरचित पहाड़ी (सराजी) कविता "वृक्ष" का पाठ कर सभी को पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों के प्रयासों को भी खूब सराहा। उन्होंने इस मुहिम को आगे बढ़ाने में अपने हरसंभव सहयोग का भी आश्वासन दिया। उन्होंने सभी को पर्यावरणीय तथा मानवीय विषयों पर सदैव संवेदनशील रहने का आह्वान भी किया। अन्त में सामूहिक राष्ट्रगान गायन के बाद विधिवत रूप से कार्यक्रम समाप्त हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/kZzoNpE5qt/?mibextid=RUbZ1f




**Details about Plantation on the occasion of**
**"World Environment Day-2023"**
**05th June, 2023 in College Campus**

| Sr. No. | Name of Planted Plant | No. of Plant |
|---|---|---|
| 1. | Daru (Punica Granatum) | 100 |
| 2. | Deodar (Cedrus Deodara) | 25 |
| 3. | Reetha/ Dode (Sapindus Mukorossi) | 20 |
| 4. | Persimmon/ Aamlok (Diospyros Kaki) | 25 |
| 5. | Oak/ Baan (Genus Quercus) | 10 |
| 6. | Walnut/ Akhrot (Juglans Regia) | 25 |

**Total no. of Planted Plants: 205**

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : आपदा प्रबंधन सम्बन्धी अभ्यास कार्यक्रम**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 08 जून, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 40**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 08 जून, 2023 को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में आपदा प्रबंधन विषय पर चर्चा तथा अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि व विशेष वक्ता के रूप में डॉ. रेणुका थपलियाल मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ द्वारा प्राकृतिक आपदाओं विशेषकर बाढ़, भूस्खलन तथा भूकंप की स्थिति में आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा भी आपदा प्रबंधन सम्बन्धी जानकारी देते हुए भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु सजगता से कार्य करने पर बल दिया गया। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों द्वारा आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न तकनीकों पर आधारित छद्म अभ्यास भी किया गया। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा सामूहिक राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/I2qNyLtb_j/?mibextid=iCRzhm






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजन**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 14 जून, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 50**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक: 14 जून, 2023 को विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर एक विशेष वर्चुअल/ आनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें इकाई के सभी स्वयं-सेवियों ने अपने-अपने घरों से वर्चुअल यानी आभासी माध्यम से चित्रकला, नारा लेखन तथा निबंध लेखन आदि विधाओं के माध्यम से विश्व रक्तदाता दिवस तथा रक्तदान के महत्व को उजागर करते हुए बंजार क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया। सभी स्वयं-सेवियों ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया। इस आयोजन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मानवीय सरोकारों तथा रक्तदान-जीवनदान सम्बद्ध सामाजिक चेतना को जागृत करते हुए सभी से रक्तदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 21 जून, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 40**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के स्वयं-सेवियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर

दिनांक: 21 जून, 2023 को वर्चुअल/ आभासी माध्यम से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वंय-सेवियों ने चित्रकला, नारा लेखन, निबंध लेखन तथा कविता लेखन के माध्यम से जीवन में योग के महत्व तथा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके अलावा स्वयं-सेवियों द्वारा स्थानीय स्तर पर अपने-अपने गांवों, प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों, पंचायतों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा युवाओं के साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयं-सेवियों ने आसन, प्राणायाम, तथा ध्यान के विभिन्न प्रकारों पर आधारित 2-2 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर सोशल मीडिया पर प्रचारित कर आम लोगों को जागरूक भी किया। इस प्रकार इकाई द्वारा सम्पूर्ण बंजार क्षेत्र में योग के महत्व को उजागर करने की व्यावहारिक पहल के साथ यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।










**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय संगोष्ठी में इकाई के स्वंय-सेवियों द्वारा इकाई का प्रतिनिधित्व**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **23 व 24 जून, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **श्री राकेश कंवर, प्रधान सचिव, शिक्षा (हि.प्र.)**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 02**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के दो स्वयं-सेवियों पुनीत तथा गुंजन द्वारा दिनांक 23 व 24 जून, 2023 को "गांधी मार्ग: बहुआयामी, बहुविषयक दृष्टिकोण - सत्य के प्रयोग और हिंद स्वराज के संदर्भ में " विषय पर जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में दोनों स्वयं-सेवियों द्वारा महात्मा गांधी जी के जीवन तथा गांधी दर्शन पर अपने विचार प्रकट करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार का प्रतिनिधित्व किया गया।









**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : जीवन कौशल शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम में इकाई का प्रतिनिधित्व**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** **: 20 से 23 जून, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** **: अधिकारीगण, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** **: 14**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के 14 स्वयं-सेवियों द्वारा दिनांक 20 से 23 जून, 2023 तक राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र चण्डीगढ़ में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का प्रतिनिधित्व किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इकाई की ओर से स्वयं-सेवी घनश्याम, चमना, दीपेश्वरी, निधी शर्मा, अदीति, वंशिका, भावना, ललिता, ममता, डोलमा, शुभम, निकिता, सुनीता तथा दिव्या ने भाग लिया। इन सभी स्वयं-सेवियों ने केंद्र के प्रशिक्षक श्री थोकचोम रेगन चन्द्र सिंह तथा श्री दीपक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान की एतिहासिक पृष्ठभूमि, युवाओं को सशक्त बनाने में संस्थान की भूमिका तथा जीवन कौशल शिक्षा से सम्बद्ध विभिन्न गतिविधियों में स्वयं भाग लेकर विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्राप्त कीं।

उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश से केवल तीन महाविद्यालयों के स्वंय-सेवियों का चयन किया गया था जिसमें राजकीय महाविद्यालय संजौली, जिला शिमला, राजकीय महाविद्यालय बासा, जिला मण्डी तथा राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार जिला कुल्लू के स्वयं-सेवी सम्मिलित रहे। इकाई के सभी 14 स्वयं-सेवी इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कर प्रमाण पत्र अर्जित कर सकुशल वापस लौटे। इन सभी स्वयं-सेवियों ने बाद में महाविद्यालय लौट कर इकाई के अन्य स्वयं-सेवियों को भी जीवन कौशल शिक्षा से सम्बद्ध विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया।

समाचार संपर्क (लिंक):

https://www.facebook.com/100998875189678/posts/pfbid0uWPPA1QaXpMzLSm7hTzxPB58JHRt18aZrXwDA55EGR2PiaYY1XDMwxYrybtSqPqHI/?sfnsn=wiwspmo&mibextid=RUbZ1f







राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़
Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development, Regional Centre, Chandigarh

CERTIFICATE OF PARTICIPATION

This is to certify that
Mr./Ms. NIDHI SHARMA
has successfully participated in the
Training Programme on Life Skills Education
20th to 23rd June 2023

Organised by:
Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development, Regional Centre, Chandigarh
at
Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development, Regional Centre, Sector-12, Chandigarh

Rajesh Verma
Consultant (Finance & Administration)
RGNIYD, Regional Centre, Chandigarh


राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़
Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development, Regional Centre, Chandigarh

CERTIFICATE OF PARTICIPATION

This is to certify that
Mr./Ms. DEEPESHWARI THAKUR
has successfully participated in the
Training Programme on Life Skills Education
20th to 23rd June 2023

Organised by:
Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development, Regional Centre, Chandigarh
at
Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development, Regional Centre, Sector-12, Chandigarh

Rajesh Verma
Consultant (Finance & Administration)
RGNIYD, Regional Centre, Chandigarh

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय श्रमदान कार्यक्रम**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 20 जुलाई, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 10**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 20 जुलाई, 2023 को विगत दिनों हुई भारी बारिश तथा भूस्खलन से बन्द महाविद्यालय के प्रवेश मार्ग की सड़क तथा महाविद्यालय प्रांगण से पत्थर, मिट्टी तथा मलबे को हटाकर साफ किया गया। इकाई के इस श्रमदान कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की मन्त्रणा समिति प्रमुख प्रो. रामा नन्द तथा अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य प्रो. ईशान मार्वल भी सम्मिलित हुए और उन्होंने स्वंय-सेवियों के साथ मिलकर मिट्टी, पत्थर तथा मलबे को साफ किया। इस अवसर पर सभी स्वयं-सेवियों ने सोशल मीडिया पर 2-2 मिनट की हिन्दी तथा स्थानीय सराजी भाषा में वीडियो रिकॉर्डिंग कर आम लोगों को आपदा प्रबंधन तथा आपदा की स्थिति में सजगतापूर्वक सहयोग करने बारे जागरूक भी किया। अन्त में जलपान उपरांत यह श्रमदान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

समाचार संपर्क (लिंक):
https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid0jYnqUGZW8QHpUJVx7BAECxLYzDLAZmrnaAoHzQJigh6LAW8SbFKXvPaiXFBY3rzzl&id=100064190678552&sfnsn=wiwspmo&mibextid=RUbZ1f






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : कारगिल विजय दिवस पर रैली तथा विशेष कार्यक्रम का आयोजन**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 26 जुलाई, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने दिनांक: 26 जुलाई, 2023 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी उपस्थित लोगों ने देश के वीर शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा। इसके पश्चात् प्राचार्य द्वारा सभी को पंच प्रण शपथ दिलाई गई। तदोपरांत प्राचार्य महोदय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वंय-सेवियों द्वारा शहीदों के सम्मान में आयोजित रैली को रवाना किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से आरंभ होकर पुराना बस स्टैंड बंजार होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर आकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान पुराना बस स्टैंड बन्जार में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए स्वयं-सेवी शुभम तथा मोनू ने कारगिल युद्ध की

पृष्ठभूमि, इस युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों तथा भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस मौके पर महाविद्यालय के रोवर छात्र प्रमुख खेम राज ने भी वीर शहीदों के बलिदान तथा राष्ट्र हित में हमारे सैनिकों की तत्परता को उजागर किया। खेम राज ने विगत दिनों आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को निस्वार्थ भाव से सहायता देने का आह्वान भी किया।
इसके पश्चात् महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य प्रो. टिक्कम राम मुख्य वक्ता रहे। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी पुनीत व मोनू ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। अतिथि सम्मान उपरांत औपचारिक स्वागत स्वयं-सेवी निधी शर्मा द्वारा किया गया। इसके पश्चात् प्रो. टिक्कम राम ने कारगिल विजय दिवस पर अपना व्याख्यान नेल्सन मंडेला के शब्दों को उद्धृत करते हुए शुरू किया। उन्होंने कहा कि नेल्सन मंडेला कहते थे - बहादुरी डर की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि उस पर विजय है। कारगिल का युद्ध भी साहस और दृढ़ संकल्प की गाथा पर आधारित ऐसी ही एक लड़ाई थी। उन्होंने कारगिल युद्ध के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। आपरेशन विजय और आपरेशन नमस्ते पर भी प्रकाश डाला तथा समस्त शहीद वीरों के बलिदानों पर भी चर्चा की। इस मौके पर स्वंय-सेवियों ने देशभक्ति समूहगान भी प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलिस्वरूप विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में मोनू ठाकुर प्रथम, चमना द्वितीय तथा कंगना तृतीय स्थान पर रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में डोलमा, शबनम व चमना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान मोनू ठाकुर, द्वितीय स्थान शबनम जबकि तीसरा स्थान चमना को प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता में यासिर, कंगना व अदीति क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम शहीदों को नमन करते हुए सभी युवाओं से राष्ट्र के प्रति कृतज्ञतापूर्वक समर्पित रहने का आह्वान किया गया। उन्होंने शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने की बात भी कही। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रयासों को भी खूब सराहा। इसके पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द ने अपने विचारों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा सामूहिक राष्ट्रगान गायन उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/m0VtQT3Jec/?mibexid=iCRzhm

















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : एक दिवसीय परिसर स्वच्छता व सौंदर्यीकरण शिविर**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 29 जुलाई, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. विकास कुमार**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 60**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक: 29 जुलाई, 2023 को महाविद्यालय परिसर में एक विशेष परिसर स्वच्छता व सौंदर्यीकरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर को इकाई द्वारा महाविद्यालय के संगीत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विकास कुमार तथा स्वयं-सेवी यासिर ठाकुर को समर्पित किया गया क्योंकि 29 जुलाई इन दोनों का जन्मदिवस था। इस शिविर में इकाई द्वारा एक प्रयोग किया गया जिसके अनुसार स्वयं-सेवियों में से एक स्वयं-सेवी को पर्ची डालकर आज के शिविर का कार्यक्रम अधिकारी चुना गया और उसकी देखरेख में सारी व्यवस्था संचालित की गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण में इकट्ठे होकर राष्ट्रीय सेवा योजना करतल ध्वनि के साथ डॉ. विकास कुमार व यासिर ठाकुर को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उसके बाद परिसर स्वच्छता व सौंदर्यीकरण अभियान के तहत परिसर में उगी घास व झाड़ियों को साफ किया। स्वंय-सेवियों ने बरसात के दौरान गाद जमने से बन्द पड़ी नालियों को साफ किया, प्रांगण के एक ओर पड़े बजरी के ढेर को समतल किया और पूरे परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। परिसर स्वच्छता व सौंदर्यीकरण कार्य समाप्त कर सभी स्वयं-सेवी महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एकत्रित हुए। इस औपचारिक कार्यक्रम में सभी स्वयं-सेवियों ने डॉ. विकास कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. प्रियंका बंसल का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विकास कुमार, उनकी धर्मपत्नी तथा स्वयं-सेवी यासिर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी अंजलि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का औपचारिक स्वागत स्वयं-सेवी शबनम द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगीत विभाग की छात्रा बबीता ने डॉ. विकास कुमार का जीवन परिचय व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। 29 जुलाई, 1990 को शिमला जिले के रामपुर बुशहर में जन्मे डॉ. विकास कुमार ने कुछ दिन पूर्व ही अपना जन्मदिन स्वयं-सेवियों के साथ मिलकर मनाने की इच्छा जताई थी। इस पर सभी स्वयं-सेवियों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह आयोजन एक दिवसीय शिविर के रूप में आयोजित किया गया। इसके पश्चात् डॉ. विकास कुमार तथा स्वयं-सेवी यासिर ठाकुर ने केक काटा और सभी ने दोनों को शुभकामनाएं तथा उपहार भेंट किए। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. विकास कुमार ने सभी को इस आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम आयोजन और संचालन की सराहना की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. प्रियंका बंसल द्वारा एक मधुर गीत भी गाया गया। कार्यक्रम में औपचारिक धन्यवाद स्वयं-सेवी सुजाता द्वारा किया गया। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा सामूहिक राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/m75rxJIz3x/?mibextid=6aamW6


Happy Birthday
Dear





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष पौधारोपण कार्यक्रम**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 06 अगस्त, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 70**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक: 06 अगस्त, 2023 को महाविद्यालय परिसर में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश श्रृंखला के अन्तर्गत माटी को नमन वीरों का वन्दन अभियान के तहत वसुंधा वन्दन के रूप में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार वसुंधा वन्दन कार्यक्रम सम्पूर्ण भारत वर्ष के विद्यालयों, महाविद्यालयों, खण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें सभी को कम-से-कम 75 औषधीय अथवा अन्य प्रकार के पौधे रोपित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा भी 101 सिल्वर ओक यानि वान के पौधे महाविद्यालय की सीमा दीवार के साथ लगाए गए। इसके लिए सर्वप्रथम स्वयं-सेवियों ने वन विभाग के समीपस्थ स्थित भूमार पौधशाला से पौधे लाए और महाविद्यालय परिसर में रोपित किए। इस अवसर पर रोपित किए गए सभी पौधों को स्वयं-सेवियों ने देश के वीर सैनिकों सहित बन्जार क्षेत्र के वीर सैनिकों व उनके आश्रितों को समर्पित किया। इस मौके पर सभी स्वयं-सेवियों ने संकल्प लिया कि वे सभी रोपित किए गए पौधों की देखभाल भी करेंगे। इसके पश्चात् स्वयं-सेवियों ने जलपान किया और फिर आगामी 09 अगस्त, 2023 को आयोजित किए जाने वाले मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा लघु नाटिका प्रस्तुतिकरण बारे अभ्यास करने के बाद यह विशेष पौधारोपण

कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/mgkU2tTZbR/?mibextid=9R9pXO
























GPS Map Camera
Banjar, Himachal Pradesh, India
Shringi View Heritage Barda, P.O. Banjar, Himachal Pradesh 175123, India
Lat 31.633403°
Long 77.339745°
06/08/23 11:00 AM GMT +05:30
Google








| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** | **: मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ** |
| **आयोजन/ प्राप्ति तिथि** | **: 09 अगस्त, 2023** |
| **मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** | **: उप-महानिरीक्षक (DIG) श्री प्रेम सिंह कटोच, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल** |
| **स्वयं-सेवियों की संख्या** | **: 70** |

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 09 अगस्त, 2023 को मेरी माटी मेरा देश

कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर किया गया जिसमें माटी को नमन वीरों का वन्दन अभियान के तहत बंजार क्षेत्र के वीर सैनिकों को सम्मानित कर वीरों का वन्दन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम प्रातः 10:00 बजे प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर द्वारा महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात् औपचारिक कार्यक्रम महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित किया गया जिसमें तेन्जिन नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार विजेता, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के उप-महानिरीक्षक (DIG) श्री प्रेम सिंह कटोच वीडियो कान्फ्रेंसिंग/ आभासी माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इसके अलावा बन्जार क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए 18 पूर्व सैनिक तथा उनके आश्रितों जिनमें एक भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतन्त्रता सेनानी के आश्रित भी शामिल थे, ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। उल्लेखनीय है कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के आयोजन हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सम्पूर्ण बन्जार क्षेत्र के सेवानिवृत्त व सेवारत सैनिकों तथा अर्द्धसैनिकों का सम्पूर्ण विवरण एकत्र कर उनसे सम्पर्क किया गया और उनके नाम तथा पदनाम पर आधारित शिलाफालकम (शिलालेख) तैयार कर उसे कार्यक्रम में प्रदर्शित भी किया गया। यह सम्पूर्ण विवरण एकत्र करने का कार्य अपने आप में पहला अनूठा व्यवहारिक प्रयास था।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य तथा उपस्थित पूर्व सैनिकों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् इकाई के स्वयं-सेवियों द्वारा सरस्वती वंदना तथा राष्ट्र गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम में वर्चुअल/ आभासी माध्यम से जुड़े कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का औपचारिक परिचय उनके जीवन तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि श्री प्रेम सिंह कटोच जी का जन्म 08 अगस्त, 1964 को लाहौल-स्पीति जिले के करदंग गांव में हुआ। प्रारम्भिक शिक्षा लाहौल-स्पीति में ही पूर्ण कर उन्होंने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला से स्नातक स्तर की शिक्षा पूर्ण की। अपनी मेहनत व लगन के चलते वे शीघ्र ही पंजाब नेशनल बैंक में अधिकारी के रूप में चयनित हुए किन्तु सैन्य बलों के प्रति विशेष लगाव के चलते उन्होंने सैन्य बलों में अधिकारी के रूप में सम्मिलित होकर देश सेवा को अपना ध्येय बनाया और वर्ष 1989 में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल में सहायक कमांडेंट के रूप में सम्मिलित हुए। अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता के चलते उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अपने पूरे बैच में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु का खिताब जीता और भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा उन्हें स्वोर्ड आफ आनर से नवाजा गया। उन्होंने भारत के सबसे प्राचीन पर्वतारोहण संस्थान "हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान" दार्जिलिंग से सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु रहते हुए पर्वतारोहण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 1992 में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा विश्व के सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट को फतह करने के लिए आयोजित प्रथम पर्वतारोहण अभियान में उन्हें एक सदस्य के रूप में चुना गया और उन्होंने समुद्र तल से 28000 फीट की ऊंचाई पर आक्सीजन पूरी तरह समाप्त होने के बावजूद हार नहीं मानी और 10 मई, 1992 को इस युवा अधिकारी द्वारा मांउट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराया गया। वर्ष 1996 में उन्हें पुनः एवरेस्ट अभियान के लिए चुना गया। इस बार 26000 फीट की ऊंचाई पर पहुंच कर यद्यपि वह चाहते तो शिखर फतह कर सकते थे लेकिन उन्होंने प्रथम दल के दो सदस्यों जो बर्फीले तूफान में फंस गए थे, को बचाने के लिए शिखर फतह करने की जगह मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए दो लोगों की जान बचाई। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ष 1999-2000 तक बोस्निया और हर्जेगोविना में विस्थापित लोगों के पुनर्वास में उल्लेखनीय योगदान दिया और इसके लिए उन्हें आपरेशन चीफ तथा क्षेत्रीय कमांडर द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। श्री प्रेम सिंह जी द्वारा दूसरे साहसिक गतिविधियों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने वर्ष 2004 में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा गंगा नदी में ऋषिकेश के तपोवन से मुनि-की-रेती तक आयोजित रिवर राफ्टिंग अभियान का भी नेतृत्व भी किया। यह अभियान अपने आप में ऐसा पहला अभियान था जिसमें राफ्ट के साथ-साथ केयाक्स भी प्रयोग किये गए थे। इस अभियान दल ने उफनती गंगा नदी में 275 किलोमीटर की दूरी तय कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया।

इस अधिकारी ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा पूर्व एवेरेस्ट आरोहण अभियान के अंतर्गत जनवरी, 2005 में लेह-लद्दाख में माइनस 35-45 डिग्री सेल्सियस तापमान में स्टॉक कांगड़ी पर्वत शिखर को विषम परिस्थितियों के बावजूद दल का

नेतृत्व करते हुए फतेह किया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा तीसरी बार चीन की ओर से एवेरेस्ट आरोहण का अभियान आरम्भ किया गया जिसमें श्री प्रेम सिंह को उप दलप्रमुख बनाया गया। इस भारत-तिब्बत पुलिस दल के इस तीसरे अभियान में उत्तरी दिशा के सबसे कठिन मार्ग से उन्होंने उप दलप्रमुख की भूमिका निभाते हुए दूसरी बार 14 मई, 2006 को एवेरेस्ट पर्वत शिखर को फतेह किया। उन्होंने भारतीय ओलम्पिक संघ के अंतर्गत क्रियाशील भारतीय शीतकालीन खेल संगठन द्वारा आयोजित तीन राष्ट्रीय स्कींग प्रतियोगिताओं तथा एक राष्ट्रीय शीतकालीन खेल में तकनीकी सदस्य के रूप में भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय आइस हॉकी संघ द्वारा विरुमकी, फिनलैंड में आयोजित आइस हॉकी विकास शिविर में भारत की ओर से सम्मिलित पांच सदस्यीय प्रतिनिधि दल में भी श्री प्रेम सिंह जी शामिल रहे। श्री प्रेम सिंह जी एक विख्यात पर्वतारोही होने के साथ-साथ एक सजग व संवेदनशील पर्यावरणविद भी हैं। उन्होंने पर्वतों पर आरोहण करते समय पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी से सम्बद्ध विषयों पर भी गहन ध्यान दिया है। उन्होंने समय-समय पर स्वयं अपने दल के सदस्यों के साथ भारी मात्रा में कचरा पहाड़ों से इकट्ठा कर अपने साथ वापिस लाया है। अपने एवेरेस्ट आरोहण के विगत अभियान में उन्होंने अपने दल के सदस्यों सहित पांच क्विन्टल कचरा अपने साथ नीचे लाया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा राष्ट्र की सेवा के स्वर्णिम गौरवमयी 50 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य पर गोल्डन जुबली वर्ष के तहत एक बार पुनः एवेरेस्ट पर्वत शिखर को फतेह करने के लिए चीन की ओर से अभियान दल भेजा गया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की ओर से श्री प्रेम सिंह, उप महानिरीक्षक को इस दल का प्रमुख नियुक्त किया गया। श्री प्रेम सिंह के नेतृत्व में इस दल के 6 सदस्यों तथा 2 हाइ अल्टीट्यूड शेरपाओं ने 19 मई, 2012 को विश्व की सर्वोच्च चोटी माउन्ट एवेरेस्ट पर भारत का तिरंगा फहराया। इस अभियान के दौरान एक अन्य कीर्तिमान भी स्थापित किया गया जिसमें दल के सदस्यों ने 25000 फीट की ऊंचाई से आधार शिविर तक स्कींग के माध्यम से उतरने में सफलता हासिल की। ऐसा अब तक किसी भी अभियान दल द्वारा नहीं किया जा सका है। वर्ष 2014 में श्री प्रेम सिंह को भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आध्यात्मिक रूप से प्रतिष्ठित कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में दायित्व सौंपा गया। भारत के विभिन्न विभागों के 53 अधिकारियों में से जिन 16 जनसम्पर्कअधिकारियों का चयन इस यात्रा के लिए किया गया था उनमें श्री प्रेम सिंह भी शामिल थे। इस यात्रा के दौरान उन्होंने अंतिम बैच संख्या 18 में अपनी सेवाएं देकर यात्रियों की सुरक्षा तथा बचाव में अपना अमूल्य योगदान दिया। श्री प्रेम सिंह जी को उनके साहसिक तथा कुशल पर्वतारोही के रूप अर्जित उपलब्धियों के कारण भारतीय पर्वतारोहण संघ, नई दिल्ली द्वारा आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है। पर्वतारोहण तथा साहसिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें दो बार क्रमशः 1993 तथा 1995 में एक लाख तथा डेढ़ लाख रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2009 में भारत-तिब्बत पुलिस बल में उनकी 20 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें वर्ष 2012 में पर्वतारोहण तथा अन्य साहसिक गतिविधियों में उनके आजीवन उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उपलब्धियों के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्वारा तेंज़िन-नोरगे राष्ट्रीय साहसिक पुरुस्कार से नवाज़ा गया। उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 12 बार महानिदेशक सम्मानचिन्ह (DG's Insignia) ओर 13 बार प्रशस्ति पत्र (Commendation Letter) प्राप्त हुए। श्री प्रेम सिंह जी द्वारा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल पर्वतारोहण एवं स्कींग संस्थान ओली में उपप्रमुख प्रशिक्षण के रूप में भी सेवाएं दी गईं हैं।उन्होंने प्रतिवर्ष अंटार्कटिका जाने वाले पर्वतारोहण अभियान दल के अनेकों सदस्यों को भी प्रशिक्षित किया है। उनके असाधारण कार्यों को देखते हुए वर्ष 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा अगस्त, 2020 में हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित 22222 फीट ऊँचे माउन्ट लिओ पारगिल को फतेह करने के लिए जिस अभियान दल को भेजा गया था उसमें भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए श्री प्रेम सिंह ने 12 सदस्यों को पर्वत शिखर तक पहुंचाया। उनके मार्गदर्शन में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के 9 सदस्यों ने अगस्त, 2021 में लेह-लद्दाख स्थित माउन्ट गया (22288 फीट) को सफलतापूर्वक आरोहित किया। साहसिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय रोटरी क्लब द्वारा उन्हें "श्रेयस" सम्मान से नवाज़ा गया है। श्री प्रेम सिंह जी वर्त्तमान में भी पर्वतारोहण तथा अन्य साहसिक गतिविधियों में सक्रिय हैं।

**श्री प्रेम सिंह जी द्वारा भारतवर्ष और विदेशों में सफलतापूर्वक आरोहित/ फतेह पर्वत शिखरों का विवरण इस प्रकार से है:**

| क्रम संख्या | पर्वतारोहण अभियान/ पर्वत शिखर का नाम | आरोहण मार्ग | आरोहण वर्ष | विशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल माउन्ट एवेरेस्ट अभियान | नेपाल की ओर से | 1992 | सफल आरोहण |
| 2. | भारत-जापान संयुक्त अकताश अभियान नवीन शिखर (7015 मीटर) | काराकोरम लेह-लद्दाख | 1992 | सफल आरोहण |
| 3. | भारत-जापान संयुक्त अभियान नवीन शिखर (7092 मीटर) | गढ़वाल उत्तराखंड | 1995 | सफल आरोहण |
| 4. | नवीन शिखर (6912 मीटर) | गढ़वाल उत्तराखंड | 1995 | सफल आरोहण |
| 5. | भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल माउन्ट एवेरेस्ट अभियान | चीन की ओर से | 1996 | 26000 फीट की ऊंचाई तक पहुंचकर वचाव अभियान के तहत बर्फीले तूफान में फंसे दो लोगों को जान बचाई। |
| 6. | भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल राफ्टिंग अभियान (तपोवन से ऋषिकेश, 275 किलोमीटर) | गढ़वाल उत्तराखंड | 2000 | अभियान दल का नेतृत्व किया और सफलतापूर्वक अभियान पूरा किया। |
| 7. | माउन्ट स्तोक कांगड़ी शरद अभियान | लेह | 2005 | सफल आरोहण |
| 8. | भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल माउन्ट एवेरेस्ट अभियान | चीन की ओर से | 2006 | दल के उपप्रमुख रहे तथा सफल आरोहण किया। साथ ही एक वचाव अभियान का नेतृत्व करते हुए कमांडेंट श्री विशाल आनंद का जीवन बचाया। |
| 9. | भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल सतोपंत अभियान | गढ़वाल उत्तराखंड | 2011 | दल के उपप्रमुख रहे तथा सफल आरोहण किया। |
| 10. | भारतीय पर्वतारोहण अभियान, माउन्ट एवेरेस्ट | चीन की ओर से | 2012 | दल प्रमुख रहे तथा सफल आरोहण किया। साथ ही 25000 फीट की ऊंचाई से आधार शिविर तक स्की डाउन किया। |

इसके पश्चात मुख्यातिथि श्री प्रेम सिंह, उपमहानिरीक्षक, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी के समक्ष अपने विचार प्रकट किये गए। उन्होंने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं-सेवियों के प्रयासों को भी सराहा। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय द्वारा सभी को पंच प्रण शपथ भी दिलाई गई। इकाई द्वारा सभी के समक्ष पीपीटी (PPT) के माध्यम से वीर शहीदों के बलिदान को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द द्वारा सभी मेहमानों का औपचारिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत सैनानियों की और से ऑनरेरी कैप्टन श्री लाल सिंह, सूबेदार श्री मोहर सिंह राठौर, सशस्त्र सीमा बल से श्री खेम चंद सोनी ने उपस्थित श्रोताओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर स्वयं-सेवियों द्वारा देशभक्ति गीतों के साथ-साथ शहीदों के बलिदान पर अपने विचार भी प्रकट किये गए। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मुख्यअतिथि तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का औपचारिक आभार ज्ञापित किया गया। इसके पश्चात स्वयं-सेवियों ने सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान गायन कर कार्यक्रम को विधिवत रूप से सम्पन्न किया।

समाचार संपर्क (लिंक): (1.) https://fb.watch/mkIbo8LkZ4/?mibextid=RUbZ1f
(2.) https://fb.watch/mjdKP76LOb/









**Sh. Prem Singh Katoch (DIG ITBP)**



**"Sh. Prem Singh Katoch (DIG ITBP) Renowned Everester & Tenzin-Norge National Adventure Awardee"**



Sh. Radhakrishan Mahajan

**INDIAN FREEDOM FIGHTER**
**Sh. Radhakrishan Mahajan**
**S/O Sh. Hari Dass**
**Village – Keltandi, P.O. - Chanon, Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu, (H.P.) 175123**
**Born on 06th January, 1924**
**Participated in Quit India Movement – 1942**
**Movement Centre: Sialkot (Pakistan)**
**Movement Partners: Amarnath Talwar, Corade Amarnath and Tara Singh**
**Imprisonment: 9 Months Jail.**






श्री राधाकृष्ण महाजन सुपुत्र श्री हरिदास
ग्रा. केलतान्दी, डा. चनौन, तह. बंजार, जिला कुल्लू
6-1-1924
1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में शामिल। सियालकोट गतिविधियों का मुख्य केन्द्र रहा। इसी दौरान अमरनाथ तलवार, कामरेड अमरनाथ तथा तारा सिंह आदि के साथ संपर्क। नौ मास का कारावास।





**Colonel Tek Singh**

Colonel Tek Singh (Rtd.)
Born on 09th July, 1954
Village – Dhiyan, P.O. – Bachhoot, Banjar
Primary Education: Govt. School Teel
Middle Standard: Govt. School Gadagusain
Higher Secondary Standard: Govt. School Banjar
Joined Indian Army: During Higher Secondary Part-II Study
Training: Grenadiers Regiment, Nasirabad (Rajasthan: 1973-74)
Posting: 14th Battalion The Grenadiers, Jam Nagar (Gujrat) 1975
Selection: Army High Secondary Class, Bhopal 1975
Completion of Study: from Experimental Education Training Centre, Bhopal 1976.
Permanent Commission: Passed in October, 1977.
Joined Army Cadet College Dehradun in 1978 (Affiliated by JNU Delhi).
Passed out: Army Cadet College in 1980.
Joined IMA Dehradun: January, 1981.
Permanent Commissioned Officer: 2nd Lieutenant in December, 1981.
Posting: Kalimpong (Northern West Bengal), Nagaland, Mizoram, Assam, Bihar, U.P., M.P., Haryana, Rajasthan, Gujrat, Andhra Pradesh, Karnataka & Tamil Nadu.
Operations Served: Operation Pawan in Palali & Jafna (Shri Lanka) as Logistic Officer.
Retired: Ambala Cantt., July., 2011.
Present Residence: Bali Chowki, Mandi (H.P.) India.



**Sub. Major/ Hony. Capt. Lal Chand**

**Sh. Lal Chand (Rtd.)**
**Rank: Sub. Major & Hony. Captain**
**Army Service No: JC179292F-**
**Regiment: The Grenadiers**
**Village – Garuli, P.O. - Tung, Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123**



Sub. Major/ Hony. Capt.
Teja Singh Thakur

Sh. Teja Singh Thakur (Rtd.)
Rank: Sub. Major & Hony. Captain
Joining: 23-03-1982
Regiment: The Grenadiers
Village – Chhet, P.O. & Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Served: Assistant Commander in the Elite Counter Highjack and Sky Mashalling Unit (52 Special Action Group) of NSG from February 2002 – August 2005
Specially Served: Infantry Battalion , 4 Dogra Regiment as Subedar Major in Counter Insurgency Area of J&K and Sikkim from 2007 to 2011
War/ Operations: Kargil war with 4 Dogra Regiment in Thasgaon , near Kargil City. From 6th July to 26th July, 1999.
Retirement: 30-11-2011



Sub. Major/ Hony. Capt.
Teja Singh Thakur






ACP/ Nb. Sub.
Padam Singh

Sh. Padam Singh (Rtd.)
Rank: ACP/ Nb. Sub.
Date of Joining: 20-07-1987
Medals & Decorations:
Sainya Sewa Medal,
Long Service Medal (9Years Long Service),
Special Service Medal,
50th Independence Anniversery Medal,
Operation Vijay Medal &
20 Years Long Service Medal
War Service & Operations:
HAUCL (SS) CAT-I: 04-10-1994 to 321-05-1998,
Operation Rakshak (H&K): 01-06-1998 to 29-06-2000,
HAUCL (SS) CAT-I: 30-06-2000 to 10-02-2004,
CHAFAA (HP): 11-02-2004 to 01-04-2005 &
HAUCL (SS) CAT-I: 04-04-2008 to 31-07-2013
Date of Retirement: 31-07-2013



Nk. Hukam Ram

Sh. Hukam Ram (Rtd.)
Born on 20th July, 1953
Rank: Nk.
Village – Chhet, P.O. & Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Joined Indian Army: 20 July, 1971
Regiment: 16 Dogra Regiment
War/ Operations:
ESCA Operation Cactus Lily: 02-02-1972 to 01-03-1973,
ESCA (J&K): 01-03-1973 to 19-11-1973,
CA Operation Savage, Sikkim: 08-10-1974 to 16-09-1977,
ESCA Operation Blue Star: 04-06-1984 to 01-09-1984
Medals & Decorations:
25th Independence Anniversary Medal,
Sangam Medal -1971,
Pashchimi Star – 1971,
Sainya Seva Medal (Service Medal) with clasp Himalaya,
Clasp J&K to Sainya Seva Medal and
9 Years Long Service Medal.



Nk. Mangat Ram
Thakur

Sh. Mangat Ram Thakur (Rtd.)
Rank: Nk.
Army Service No: 14901849N
Regiment: 9 Mechanical Infantry
Regret
War & Operations: Attended Operation Blue Star at Amritsar in 1984



H. Nb. Sub. Tilak
RAJ

Sh. Tilak Raj (Rtd.)
S/O Shri Man Das & Smt. Bhagti Devi
Born on 15th December, 1967
Rank: H. Nb. Sub.
Village – Jamad, P.O. – Plach, Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Primary & Middle Education: Govt. School Plach
Higher Secondary Standard: Govt. School Banjar
Joined Indian Army: 22 September, 1988
Training: Dogra Regiment Centre, Faizabad (U.P. – 9 Months)
First Posting: 11 Dogra Regiment, Dehradun
Stations Served: Jammu & Kashmir, West Bengal, Arunachal Pradesh, Jharkhand, Rajasthan & U.P.
War/ Operations: Kargil War, 1999
Special Service: Siachin Glacier (J&K) and NCC Directorate Bihar & Jharkhand
Retired: 31-10-2012 from Dogra Regiment Centre Faizabad (U.P.)



**Sh. Durga Singh Thakur**

Sh. Durga Singh Thakur (Rtd.)
Regiment No: 8468177
Force Name: Sashastra Seema Bal (SSB)
Rank: CT/GD/ACP
Village – Mandii, P.O. & Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Joining: 01-08-1984
Served: H.P. Punjab,Haryana, Chandigarh, Delhi, J&K, U.P., Maharashtra, Bihar, Assam, West Bengal & Arunachal Pradesh
Special Courses: Basic Intelligence; J.CC. & S.CC.
Retirement: 01-04-2005 (After 20 Years & 8 Months Service).



**Sh. Khem Chand Soni**

Sh. Khem Chand Thakur (Rtd.)
Force Name: Sashastra Seema Bal (SSB)
Rank: Head Constable
Joining: 22-06-1987
Served:
Assam from 1987 to 1988,
Punjab (Operation Blue Star) from 1988 to 1990,
Sarahan, Shimla (H.P.) from 191 to 1993,
Patiala, Nabha, Sangrur Jail Duty & Chandigarh High Court & Secretariat Duty from 1993 to 1996,
Srinagar (J&K) from 2001 to 2003,
India-Nepal Boarder & Naxalite area in Chhattisgarh from 2003 to 2008.
Special Courses: Basic Recruit Training, Rock Climbing, Medium Altitude Tracking Course, High Altitude Tracking Course, Snow Servable , Demolition & Promotion Course.
Retirement: 01-12-2008 from Lucknow (U.P.).



**Sh. Mohinder Sharma**

Sh. Mohinder Sharma (Rtd.)
Army No: 2473823H
Rank: Nk.
V.P.O.– Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123



**Sub. M.S. Rathaur**

Sh. Mohar Singh Rathaur (Rtd.)
Born on 15th December, 1967
Rank: Sub.
Village – Munjali, P.O. – Kalwari, Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Regiment: 9 Grenadiers, Mewar (3 Paramveer Chakra Winner Regiment)
Special Service: Saved National Property in Frontier Mail, 1983 near Chamal Ghati (M.P.)



**Sub. Gian Chand**

Sh. Gian Chand (Rtd.)
S/O Shri Jaimal Singh
Born on 01-04-1967
Rank: Sub.
Village – Bhumar, P.O. & Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Joined Indian Army: 09-11-1986
Regiment: 4 Dogra Regiment
Retired: 30-11-2014 from Dogra Regiment



**Nb. Sub. Het Ram**

Sh. Het Ram (Rtd.)
Rank: Nb. Sub.
Village – Shilli, P.O. – Gushaini, Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Primary Education: Govt. School Shilli
Higher Secondary Standard: Govt. School Banjar
Joined Indian Army: 1973
Regiment: 14 Grenadiers
Training: Nasirabad (Rajasthan)
Stations Served: Gujrat, West Bengal, J&K & Maharashtra
War/ Operations: Operation Meghdoot
Special Service: Siachin Glacier (J&K)
Retired: 1992



Sh. Mahinder Singh (Rtd.)
Rank: H. Nb. Sub.
Village & P.O. - Sojha, Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Joined Indian Army: 03 October, 1988
Regiment: 16 Dogra Regiment
Stations Served: Jammu & Kashmir, Sikkim, Assam
Medals & Decorations: AWD SSM, AWD OP Raksha Medal, AWD 9 Years LSM, AWD 50 Years Medal, AWD HAM, AWD 20 Years LSM
Retired: 31-10-2012 from Dogra Regiment

**H.Nb. Sub. Mahinder Singh**



**Sh. Ratan Chand (Rtd.)**
**Village – Chhet, P.O. & Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123**
**Education: Govt. School Chhet & banjar**
**Joined : Sashastra Seema Bal (SSB)**

**Sh. Ratan Chand**



**Sh. Revati Ram (Rtd.)**
**Village – Dhar, P.O. & Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123**
**Force: Sashastra Seema Bal (SSB)**

**Sh. Revati Ram**





Sh. Ghanshyam Singh (In Service)
S/O Sh. Shyam Singh
Village – Seri, P.O. – Jibhi, Tehsil – Banjar, Distt. – Kullu (H.P.) 175123
Date of Joining: December, 2018 at Pune Centre
Rank: Trade-Multi Skilled Worker (Sepoy)
Regiment/ Unit: General Reserve Engineering Force (BRO)
Unit Details: GS – 199433M
UNIT 1062 fdwksp
36 Task Force
c/o 56 APO
Near Uttarkashi (U.K.)

**Spy. Ghanshyam Singh**





**"Freedom Fighter (Quit India Movement - 1942): Keltandi, Banjar (H.P.)"**







"Ex-Army Persons (Bhartiy Veer)"
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांकः 08 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में विश्व साक्षरता दिवस पर विशेष समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में इस समारोह में शामिल हुए जबकि विशिष्ट अतिथि व वक्ता के रूप में डॉ. लीना वैद्य, आचार्य ईशान मार्वल, डॉ. हेमलता तथा आचार्य रामा नन्द भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी छाया ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वयं-सेवियों ने भाषण, काव्य-पाठ, चित्रकला, नारा व पोस्टरों के माध्यम से साक्षरता के महत्त्व को उजागर किया। आचार्य ईशान मार्वल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें कभी भी किसी अनपढ़ व्यक्ति का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए और हमेशा उनकी मदद करनी चाहिए। डॉ. लीना वैद्य ने साक्षरता दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ. हेमलता ने सभी से साक्षर होकर पूरे समाज को साक्षर बनाने का आह्वान किया। आचार्य रामा नन्द ने साक्षरता को जीवन की आधारशिला बताया। उन्होंने स्वयं-सेवियों को अपने-अपने गावों में भी साक्षरता

के महत्त्व को प्रचारित करने पर ज़ोर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में विश्व साक्षरता दिवस की पृष्ठभूमि को उजागर किया। उन्होंने इकाई के स्वयं-सेवियों के प्रयासों को भी खूब सराहा। उन्होंने सभी को ऐसे आयोजन निरंतर क्रम में जारी रखने की सलाह भी दी। अंत में सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम विधिवत रूप से समाप्त हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/mX0eLjt9gu/?mobextid=RUbZ1F







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा हिंदी दिवस पर विशेष समारोह आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **14 सितम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **35**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 14 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में हिंदी दिवस पर विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर मुख्यातिथि तथा उपप्राचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि आचार्य रामा नन्द भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने सम्बोधन में हिंदी को भारत के आम जनमानस की अभिव्यक्ति का

माध्यम बताया। उन्होंने सभी को हिंदी की सरलता और सहजता के अनुरूप इसे प्रत्येक संवाद में स्थान देने की बात कही। उन्होंने हिंदी को सम्पूर्ण भारतवर्ष को जोड़ने वाली भाषा बतलाया। इस अवसर पर स्वयं-सेवियों ने भाषण, दोहा गायन, काव्य-पाठ, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, चित्रकला, निबंध लेखन आदि के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्त्व को उजागर किया। इस अवसर पर उपप्राचार्या ने सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी जारी रखने की आवश्यकता बताई। प्राचार्य महोदय द्वारा स्वयं-सेवियों की पहल को खूब सराहा गया। उन्होंने सभी को शिक्षा अर्जित करने के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में "हिंदी बीमार है" शीर्षक से एक लघु नाटिका का बेहद जीवंत मंचन भी किया। इस नाटिका के माध्यम से स्वयं-सेवियों ने वर्तमान में प्रचलित हिंदी की उपेक्षा और अंग्रेजी को अधिमान देने की परम्परा पर विशेष रूप से सबका ध्यान आकर्षित किया। नाटिका को सभी ने बेहद पसंद किया और स्वयं-सेवियों को साधुवाद दिया। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान के बाद हिंदी दिवस समारोह औपचारिक रूप से सम्पन्न हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/n3-rPAZTjH/?mibextid=RUbZ1f







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** **: स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा ओज़ोन दिवस पर विशेष समारोह आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** **: 16 सितम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** **: प्रो. रामा नन्द**


**स्वयं-सेवियों की संख्या** **: 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 16 सितम्बर, 2023 को स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा ओज़ोन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर से पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड तथा बंजार बाजार होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर तक रैली निकली गयी। इस मौके पर स्वयं-सेवियों ने नारों के माध्यम से ओज़ोन आवरण के महत्त्व तथा इसके संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त स्वयं-सेवियों ने 15 सितम्बर, 2023 से लेकर 02 अक्तूबर, 2023 तक चलने वाले "स्वच्छता ही सेवा है" अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर नए बस स्टैंड बंजार में स्वयं-सेवी पलक शर्मा, गीतांजलि, डोलमा, हमिन्द्रा ठाकुर तथा संजना ने सार्वजानिक सम्बोधन के माध्यम से उपस्थित लोगों को स्वच्छता अभियान तथा ओज़ोन के महत्त्व से अवगत करवाया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने बस स्टैंड परिसर में प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को इकट्ठा कर कूड़ेदानों में डाला और परिसर की सफाई की। स्वयं-सेवियों ने सभी लोगों से सार्वजानिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने की अपील भी की। इसके बाद यह रैली पुराना बस स्टैंड बंजार पहुंची जहां स्वयं-सेवी छाया ठाकुर, कंगना वशिष्ट, अक्षता, निधि शर्मा, ललिता तथा शुभम स्वामी ने लोगों को सार्वजानिक सम्बोधन के ज़रिये स्वच्छता ही सेवा अभियान के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। उन्होंने आम लोगों को ओज़ोन परत के क्षीण होने से उत्पन्न होने वाली भयावह समस्या से भी परिचित करवाया। अंत में बंजार बाजार से होते हुए यह रैली महाविद्यालय परिसर आकर संपन्न हो गयी।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/n7QWjBA3Z_/?mibextid=RUbZ1f


सेवा योजना

आओ मिलकर प्रदूषण
हटाएं
ओज़ोन परत को बचाएं

ओज़ोन को बचाना है
वैश्विक ताप को घटाना है
NSS GDC Banjar
NSS का यही नारा
स्वच्छ रहे परिवेश हमारा
स्वच्छता ही सेवा है।
गंदगी जानलेवा है।
NSS GDC Banjar










| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** | **: राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस चयन शिविर का आयोजन** |
| **आयोजन/ प्राप्ति तिथि** | **: 19 सितम्बर, 2023** |
| **मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** | **: डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर** |
| **स्वयं-सेवियों की संख्या** | **: 40** |

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 19 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस चयन शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना, हिमाचल प्रदेश तथा समन्वयक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के वृहद् दिशा-निर्देशों के अनुसार बंजार महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार यह चयन शिविर बंजार में आयोजित किया गया जोकि इकाई और पूरे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात रही। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, बंजार को जिला कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति की राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बद्ध नोडल कार्यालय और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार को राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति का नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया। यह इकाई तथा महाविद्यालय के लिए गरिमामयी उल्लेखनीय उपलब्धि रही। इस वर्ष यह जिला स्तरीय चयन शिविर केवल छात्राओं के ही आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय महाविद्यालय बंजार के स्वयं-सेवियों के अलावा जिला कुल्लू के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली), राजकीय महाविद्यालय कुल्लू, राजकीय महाविद्यालय सैंज तथा राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा अलग से जारी दिशा-निर्देशों के तहत राजकीय महाविद्यालय पनारसा, जिला मंडी के कुल 20 छात्रा स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चयन शिविर में

स्वयं-सेवियों को राज्य स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए निष्पक्ष तथा पारदर्शिता सहित चयनित करने के लिए एक विशेष चयन समिति गठित की गयी जिसमें स्वयं इकाई के कार्यक्रम अधिकारी भी शामिल नहीं रहे। इस चयन समिति में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रबुद्ध शिक्षकों को शामिल किया गया जिनमें अंग्रेजी विभाग से डॉ. लीना वैद्य, संगीत विभाग से डॉ. विकास कुमार, वाणिज्य विभाग से डॉ. कुलदीप सिंह, समाजशास्त्र विभाग से आचार्य रामा नन्द, राजनीति शास्त्र विभाग से डॉ. दुनी चंद तथा शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. प्रवेश शर्मा शामिल रहे जबकि विशेष आमंत्रित सदस्यों में पुलिस विभाग से हवलदार श्री गिरधारी लाल राणा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार से सहायक राष्ट्रीय छात्र वाहिनी अधिकारी श्री राजेंद्र ठाकुर परेड विशेषज्ञ के रूप में चयन समिति का हिस्सा रहे। इस अवसर पर स्वयं-सेवियों की शारीरिक दक्षता, परेड, सांस्कृतिक सक्रियता तथा व्यक्तिगत बौद्धिकता को साक्षात्कार के माध्यम से परख कर चयन समिति द्वारा इस जिला स्तरीय चयन शिविर को पूर्ण पारदर्शिता सहित सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/n9q7O836rB/?mibextid=RUbZ1f

















NATIONAL SERVICE SCHEME


NATIONAL SERVICE SCHEME

Govt. Utkrisht Mahavidyalaya Banjar, District – Kullu (H.P.) 175123

Accredited NAAC "B" Grade institution, (Established – 1999)

Affiliated: Himachal Pradesh University, Gyan Path, Summer Hill Shimla-171005

Website: www.gdcbanjar.edu.in E-mail: gcbanjar-hp@nic.in Phone No: 01903-221602

District level NSS Pre-Republic Day Selection Camp-2023

Govt. Utkrisht Mahavidyalaya Banjar (19-09-2023)

List of Selected NSS Volunteers (District-Kullu & Lahaul-Spiti)

| Sr. No. | Name of Volunteer | Fathers Name | Date of Birth | Class | Mobile No. | E-mail ID | Height (C.M.) | Name of College |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | B.A.-III | [illegible] | [illegible] | [illegible] | Govt. College Banjar |
| 2. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | B.A.-III | [illegible] | [illegible] | [illegible] | Govt. College Banjar |
| 3. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | B.A.-III | [illegible] | [illegible] | [illegible] | Govt. College Kullu |
| 4. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | B.A.-II | [illegible] | [illegible] | [illegible] | Govt. College Kullu |

Programme Officer
National Service Scheme Unit
Govt. Utkrisht Mahavidyalaya Banjar (Kullu)

Principal
Govt. Utkrisht Mahavidyalaya Banjar
District Kullu (H.P.) 175123

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का आयोजन :**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 24 सितम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : पंचायत सदस्या श्रीमती नीता देवी**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 40**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 24 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का आयोजन इस बार रविवार का अवकाश होने के चलते इकाई द्वारा गोद लिए गए ग्राम पंचायत कोठी-चैहणी के गांव बागी तथा गांव कोठी-चैहणी में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मनाया गया। जबकि

महाविद्यालय में औपचारिक कार्यक्रम 25 सितम्बर को होना तय किया गया था। इस कार्यक्रम से सम्बद्ध एक सामाजिक चेतना अभियान स्वयं-सेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से लगभग 10 किलोमीटर की चढ़ाई चढ़ते हुए गांव कोठी-चैहणी तक आयोजित की गयी जिसमें लोगों को विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूक किया गया। इसके तहत सर्वप्रथम स्वयं-सेवी बागी गांव स्थित श्री श्रृंगा ऋषि जी के मंदिर पहुंचे और यहां पर भजन-कीर्तन किया। इसके बाद सभी गांव कोठी-चैहणी पहुंचे और यहां भी सभी ने सबसे पहले श्री कृष्ण मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सभी स्वयं-सेवियों ने आस-पास की साफ-सफाई की। ग्राम पंचायत कोठी-चैहणी की स्थानीय पंचायत सदस्या श्रीमती नीता देवी ने गांव के अन्य लोगों के साथ मिलकर एक संक्षिप-सा समारोह आयोजित किया जिसमें स्वयं-सेवी शबनम, कंगना, दुर्गेश्वरी, अक्षता, शुभम स्वामी तथा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने गांव के लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्हें विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर भविष्य में क्षेत्र के लिए सामाजिक कार्यों द्वारा समन्वय कायम करने बारे भी चर्चा की गयी। इस मौके पर महाराष्ट्र के पुणे से चैहणी कोठी घूमने आयी दो बहिनों सुश्री शिवांगी डोगरा तथा सुश्री पूजा डोगरा ने भी स्वयं-सेवियों के साथ मिलकर सफाई अभियान में भाग लिया और दोनों ने स्वयं-सेवियों के आत्मविश्वास तथा प्रतिबद्ध प्रयासों को खूब सराहा। अंत में स्वयं-सेवियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर लोकनृत्य किया और तदोपरांत कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। इस प्रकार सभी अपने-अपने निवास स्थलों की और लौट आये।

समाचार संपर्क (लिंक): [https://fb.watch/nhksIKcUC8/?mibextid=RUbZ1f](https://fb.watch/nhksIKcUC8/?mibextid=RUbZ1f)











**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 25 सितम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 60**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह बीते कल रविवार का अवकाश होने के चलते दिनांक: 25 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में मनाया गया। इस समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए जबकि महाराष्ट्र के पुणे से कुल्लू-बंजार घूमने आयी दो बहिनों सुश्री शिवांगी डोगरा तथा सुश्री पूजा डोगरा ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी शबनम और संध्या ने किया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात अतिथियों को पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वयं-सेवियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों यथा भाषण, कविता पाठ, हिंदी तथा लोकगीत गायन, एकल नृत्य आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से इकाई के प्रयासों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को सभी के समक्ष प्रदर्शित किया। इनमें स्वयं-सेवियों द्वारा अनेकता में एकता शीर्षक से भारत के विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्यों को समाहित कर तैयार सांस्कृतिक प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर सुश्री शिवांगी डोगरा तथा सुश्री पूजा डोगरा ने अपने सम्बोधन में सभी स्वयं-सेवियों को शुभकामनायें दीं और पढ़ाई के साथ-साथ इसी प्रकार सक्रिय रहने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि द्वारा अपने शब्दों के माध्यम से सभी स्वयं-सेवियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया और भविष्य में निरंतर अपने व्यक्तित्व को संवारने हेतु बहुमुखी प्रयास जारी रखने पर बल दिया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर सामूहिक नाटी में भाग लिया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान गायन उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हो गया।














**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय परिसर स्वच्छता शिविर:**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **28 सितम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **35**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 28 सितम्बर, 2023 को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय परिसर स्वच्छता शिविर महाविद्यालय परिसर में लगाया गया। इस शिविर में 35 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द इसमें विशेष रूप से मौजूद रहे। इस परिसर स्वच्छता शिविर में सभी स्वयं-सेवियों को तीन समूहों में विभाजित कर प्रथम समूह को महाविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर पूरे सड़क मार्ग को साफ करने का दायित्व सौंपा गया। द्वितीय समूह को महाविद्यालय प्रांगण तथा नालियों को साफ करने का काम दिया गया जबकि तृतीय समूह को महाविद्यालय भवन की पिछली नालियों व बरसात में आये मलबे को साफ करने का दायित्व दिया गया। तीनों समूहों ने मिलकर अपने-अपने दायित्वों को बखूबी निभाया और सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर को पूरी तरह से साफ-सुथरा बनाकर आज के एक दिवसीय शिविर को सफल बनाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने स्वयं-सेवियों के इस प्रयास की सराहना की और सभी से आह्वान किया कि हमें विद्या के इस मंदिर को सदा स्वच्छ रखने में सहयोग देना चाहिए। अंत में सभी स्वयं-सेवियों को जलपान करवाने उपरांत यह एक दिवसीय परिसर स्वच्छता शिविर सम्पन्न हो गया।









**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी व जागरूकता अभियान**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **29 सितम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **25**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 29 सितम्बर, 2023 को स्वच्छता ही

सेवा अभियान के अंतर्गत प्रातः 06:00 बजे महाविद्यालय परिसर से स्थानीय बला गांव स्थित प्राचीन श्री मार्कण्डेय ऋषि मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गयी। इस प्रभात फेरी में 30 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस दौरान स्वयं-सेवियों ने मंदिर में भजन-कीर्तन किया तथा वापसी में स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वयं भी सम्पूर्ण मार्ग से कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक उठाते हुए इसे एकत्र कर उचित स्थान पर डाला। इस प्रकार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित यह प्रभात फेरी प्रातः 08:30 बजे महाविद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हो गयी।






| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** | **: स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत द्वितीय प्रभात फेरी व जागरूकता अभियान** |
| **आयोजन/ प्राप्ति तिथि** | **: 30 सितम्बर, 2023** |
| **मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** | **: प्रो. रामा नन्द** |
| **स्वयं-सेवियों की संख्या** | **: 15** |

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 30 सितम्बर, 2023 को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रातः 06:00 बजे महाविद्यालय परिसर से स्थानीय बंजार कस्बे में स्थित द्वाला माता मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गयी। इस अवसर पर 12 स्वयं-सेवी तथा महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक आचार्य रामा नन्द इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सहित मौजूद रहे। इस मौके पर स्वयं-सेवियों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा सम्पूर्ण मंदिर परिसर में साफ-सफाई भी की। इसके बाद सभी स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्रातः 08:30 बजे पुनः महाविद्यालय परिसर लौट आये और इस प्रकार स्वच्छता ही सेवा अभियान को समर्पित यह प्रभात फेरी सम्पन्न हो गयी।







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : पोषण माह की समाप्ति पर आहार प्रदर्शनी का आयोजनः**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 30 सितम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 35**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 30 सितम्बर, 2023 को पोषण माह की समाप्ति पर महाविद्यालय परिसर में कला मंच पर एक विशेष आहार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं-सेवियों द्वारा अपने-अपने घरों से लाये गए परम्परागत जैविक अनाजों, सब्जियों, फलों तथा सूखे मेवों को उनके हिंदी तथा स्थानीय नामों सहित प्रदर्शित किया गया। इस आहार प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर द्वारा रिब्बन काटकर किया गया। इस मौके पर स्वयं-सेवी दीपेश्वरी ने अपने भाषण के माध्यम से सभी को पोषक आहार सम्बन्धी जानकारियां दीं। मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में पोषक तथा संतुलित आहार को सभी के लिए बेहद आवश्यक बताया। उन्होंने इकाई के इस प्रयास की जमकर प्रशंसा की और सभी को अपने आहार में पोषक तत्वों को शामिल करने के लिए विशेष ध्यान रखने की बात भी कही। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने स्वयं-सेवियों की पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर बंजार बाजार की और रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से सम्पूर्ण बंजार बाजार होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर आकर समाप्त हुई। इस दौरान स्वयं-सेवियों ने नारों के माध्यम से स्थानीय लोगों को पोषण तथा संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार विगत एक माह से जारी पोषण माह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का औपचारिक समापन हुआ।


आहार प्रदर्शनी
पेषण माह 2023
BY
NSS UNIT GDC BANJAR


BANJAR
REDMI NOTE 8 PRO




NSS
NATIONAL SERVICE SCHEME UNIT
WELCOMES
NSS
REDMI NOTE 8 PRO











**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव बागी में स्वयं-सेवियों द्वारा श्रमदान**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **01 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **25**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के स्वयं-सेवियों द्वारा दिनांक: 01 अक्तूबर, 2023 को अपने गोद लिए गए गांव बागी में श्रमदान किया गया। इसके लिए सभी स्वयं-सेवी पहले स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक सामाजिक जागरूकता रैली के रूप में बंजार से सात किलोमीटर की पैदल चढ़ाई चढ़कर बागी गांव पहुंचे। यहां

सभी ने पहले श्री श्रृंगा ऋषि जी के मंदिर में पूजा-अर्चना की और भंडारे का प्रसाद लिया। इसके बाद सभी स्वयं-सेवियों ने मंदिर परिसर में भंडारा गृह के समीप बरसातों में गिरी दीवार को पुनः बनाने के लिए समीप से पत्थर लाकर कार्य कर रहे लोगों को सहयोग किया। इस प्रकार स्वयं-सेवियों ने पूरे दिन श्रमदान करके दीवार बनाने में मदद की। इसके अलावा सभी स्वयं-सेवियों ने उपस्थित स्थानीय लोगों के साथ मिलकर स्वच्छता की शपथ भी ली। अंत में सभी स्वयं-सेवी स्थानीय लोगों के साथ मिलकर लोकनृत्य (नाटी) में भी सम्मिलित हुए। स्थानीय लोगों ने इसके बाद स्वयं-सेवियों को जलपान भी करवाया। इसके बाद सभी अपने-अपने निवास स्थल लौट आये। इस प्रकार आज के श्रमदान तथा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत अब तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों सम्बद्ध श्रृंखला का भी औपचारिक रूप से समापन हो गया।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस, गाँधी जयंती तथा राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **02 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **15**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 02 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस तथा गाँधी जयंती के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती तथा राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस भी मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम गाँधी जी तथा शास्त्री जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सभी स्वयं-सेवियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक आचार्य रामा नन्द तथा मुखर संगीत विभाग के शिक्षक आचार्य अंशुल शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आचार्य अंशुल शर्मा के नेतृत्व में सभी ने गाँधी जी के प्रिय भजन वैष्णवजन तथा रघुपति राघव राजा राम भजनों का गायन किया और गांधीजी तथा शास्त्रीजी की शिक्षाओं को याद किया। इसके पश्चात सभी स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय परिसर से लेकर बंजार बाजार की ओर जाने वाले पैदल मार्ग में स्थित देव स्थान तक मार्ग की साफ-सफाई की और प्लास्टिक के कचरे को एकत्र कर उसका उचित निपटारा किया। इसके बाद सभी महाविद्यालय परिसर लौट आये और जलपान उपरांत कार्यक्रम समाप्त हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/nruXT56rky/?mibextid=RUbZ1f
















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा का महाविद्यालय पधारने पर औपचारिक अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **06 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **35**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक: 06 अक्तूबर, 2023 को नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा का महाविद्यालय पधारने तथा पदभार ग्रहण करने पर महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में औपचारिक अभिनन्दन हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. दीपक कुमार शर्मा तथा उनके साथ आये सेवानिवृत सह-आचार्य हिंदी विभाग डॉ. सुशील कुमार, अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी, जिला शिमला से आये वाणिज्य विभाग के शिक्षक आचार्य अश्विनी कुमार तथा समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक आचार्य दामोदर गौतम सभी को इकाई की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना की टोपी, बैज तथा पुष्प गुच्छ देकर औपचारिक अभिनन्दन के साथ उनका सम्मान किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी शबनम द्वारा किया गया जबकि सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत स्वयं-सेवी मोनू ठाकुर द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नवनियुक्त प्राचार्य सहित सभी मेहमानों का परिचय दिया गया जबकि समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक आचार्य रामा नन्द द्वारा सभी को इकाई के कार्यों तथा गतिविधियों से अवगत करवाया गया। इस मौके पर उपप्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने नए प्राचार्य का स्वागत करते हुए आशा जताई की उनके आने से महाविद्यालय तथा विद्यार्थियों के विकास के रुके पड़े कार्य शीघ्र अति शीघ्र पूरे होंगे। अपने सम्बोधन में नवनियुक्त प्राचार्य महोदय ने सभी को हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि वे महाविद्यालय के अकादमिक उत्थान तथा विद्यार्थियों के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने इकाई के स्वयं-सेवियों को औपचारिक अभिनन्दन समारोह आयोजित करने के लिए विशेष रूप से सराहा तथा आभार जताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा

कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान गायन उपरांत यह अभिनन्दन कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया।

समाचार संपर्क (लिंक): https://fb.watch/nvLHehOT9v/?mibextid=6aamW6








**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 09 अक्तूबर, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. राजेश बौद्ध**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 40**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक: 09 अक्तूबर, 2023 को युवा रेड क्रॉस क्लब के साथ मिलकर महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में चिकित्सा दल का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंजार के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश बौद्ध द्वारा किया गया। इस दल में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से प्रयोगशाला सहायक श्री बीर सिंह व श्री तारा चंद तथा चालक श्री राजेश सिंह जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंजार से स्टाफ नर्स श्रीमती अर्चना तथा श्री राज कुमार व श्री पुष्पेन्द्र रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश बौद्ध ने रिब्बन काटकर औपचारिक रूप से शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं-सेवियों सहित कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने सबसे पहले रक्तदान किया और फिर खेम राज-1, पुनीत, गिरधारी लाल, कनु परमार, अंजलि, ज्योति ठाकुर, विक्रमजीत सिंह, खेम राज-2, अनुष्का शर्मा, जागृति शर्मा, समृद्धि वर्मा व तविन्दर ठाकुर आदि विद्यार्थियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों में से डॉ. कुलदीप सिंह तथा डा. अनिल कुमार ने भी विद्यार्थियों के साथ मिलकर रक्तदान किया। इस प्रकार इस रक्तदान शिविर में कुल 15 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर डॉ. राजेश बौद्ध ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा युवा रेड क्रॉस सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना

इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार ने अपने प्रयासों से सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश में एक अलग पहचान बनाई है। मानवता के प्रति स्वयं-सेवियों द्वारा समर्पित भावना प्रदर्शित करने पर उन्होंने सभी को हार्दिक साधुवाद भी दिया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अन्त में स्वयं-सेवियों को जलपान करवाने के पश्चात यह रक्तदान शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया।













BLOOD DONATION
CAMP
NSS UNIT GDC BANJAR
DATE:09-10-2023(Monday)







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राज्य स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस चयन शिविर में बंजार इकाई के स्वयं-सेवियों का प्रदर्शनः**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 11 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 02**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की कला स्नातक अंतिम वर्ष की दो स्वयं-सेवियों शबनम तथा मोनू ठाकुर का चयन जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस चयन शिविर से राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिए हुआ। इन दोनों स्वयं-सेवियों ने दिनांक: 11 अक्तूबर, 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय चयन शिविर में बन्जार इकाई का प्रतिनिधित्व किया। इस राज्य स्तरीय चयन शिविर में पूरे हिमाचल प्रदेश से विभिन्न महाविद्यालयों के 85 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस शिविर में सभी स्वयं-सेवियों का शारीरिक दक्षता, परेड, सांस्कृतिक कौशल तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से आगामी पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की स्वयं-सेवी मोनू ठाकुर का चयन हरियाणा के फतेहाबाद में होने वाले पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए हुआ हुआ। यह इकाई के लिए इस शैक्षिक सत्र में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि रही।






### पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए मोनू चयनित

बंजार (कुल्लू)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की कला स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा मोनू ठाकुर का चयन एनएसएस पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। अगर छात्रा का प्रदर्शन बेहतर रहा, तो वह गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बन सकती हैं।

यह बात राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के नोडल अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि छात्रा ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय शिविर में भाग लिया था।

इस शिविर में छात्रा का प्रदर्शन बेहतर रहा है। अब वह हरियाणा के मनोहर मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 25 अक्तूबर से तीन नवंबर तक चलने वाले उत्तर क्षेत्रीय एनएसएस पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शामिल रहेंगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने छात्रा मोनू ठाकुर और एनएसएस इकाई को बधाई दी है। संवाद

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत खण्ड स्तरीय कलश तिरंगा यात्रा का आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 16 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : श्री सुरेंदर शौरी, विधायक बंजार निर्वाचन क्षेत्र**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 50**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांकः 16 अक्तूबर, 2023 को नेहरू युवा केन्द्र संगठन, कुल्लू के सौजन्य से महाविद्यालय परिसर से लेकर अम्बेडकर भवन बंजार तक आयोजित खण्ड स्तरीय कलश तिरंगा यात्रा में इकाई का प्रतिनिधित्व किया गया। इस मौके पर खराब मौसम व तेज़ बारिश के बावजूद इकाई के स्वयं-सेवियों ने राष्ट्रीय छात्र वाहिनी तथा रेंजर्स व रोवर्स के छात्रों के साथ मिलकर कलश तिरंगा यात्रा निकाली और मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत अम्बेडकर भवन बंजार में आयोजित विशेष समारोह में भाग लिया। महाविद्यालय परिसर से इस यात्रा को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर, नेहरू युवा केंद्र संगठन कुल्लू की जिला युवा अधिकारी श्रीमती सोनिका चन्द्रा तथा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अम्बेडकर भवन बंजार में आयोजित खण्ड स्तरीय कलश तिरंगा यात्रा समारोह में स्थानीय विधायक श्री सुरेन्द्र शौरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बंजार क्षेत्र के केलतान्दी गांव के भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले स्वतन्त्रता सेनानी स्वर्गीय श्री राधाकृष्ण महाजन के सुपुत्र श्री तिलक महाजन, सेना इन्टेलिजेन्स कोर से सेवानिवृत्त ओनररी कैप्टन श्री लाल सिंह ठाकुर तथा ग्रेनेडियर रेजिमेंट से सेवानिवृत्त सूबेदार श्री मोहर सिंह राठौर को टोपी, मफलर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक महोदय ने सभी विद्यार्थियों से समर्पित भावना से राष्ट्र सेवा तथा राष्ट्र भक्ति का आह्वान किया। उन्होंने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रव्यापी अखण्ड भारत तथा इस अखण्डता के रक्षक हमारे वीर सैनिकों व राष्ट्र के पोषक हमारे किसानों को श्रद्धापूर्ण नमन करने की दूरदर्शिता का सजीव चित्रण बताया। नेहरू युवा केन्द्र संगठन कुल्लू की जिला युवा अधिकारी द्वारा मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम तथा बंजार में आयोजित खण्ड स्तरीय कलश तिरंगा यात्रा के व्यावहारिक पक्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को यह भी बताया कि स्थानीय बंजार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का कला स्नातक अंतिम वर्ष का स्वयं-सेवी पुनीत नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के राष्ट्रीय समारोह में सम्पूर्ण बंजार विकास खण्ड तथा जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करते हुए यहां से एकत्र माटी के कलश को सौंपने वाले दल में शामिल होगा। इस मौके पर विभिन्न क्लबों तथा संगठनों के प्रतिनिधियों सहित महाविद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार द्वारा अन्त में मुख्य अतिथि, सम्माननीय विशिष्ट अतिथियों, अन्य मेहमानों तथा विद्यार्थियों का इस समारोह में भाग लेने पर औपचारिक रूप से आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद सभी रैली के रूप में वापिस महाविद्यालय परिसर लौट आए और यह कार्यक्रम विधिवत रूप से समाप्त हो गया।


Block Level Kalash Tiranga Yatra
“Meri Maati-Mera Desh”
National Service Scheme Unit, Govt. Utkrisht Mahavidyalaya Banjar
Nehru Yuva Kendra Sangathan, Kullu
Yatra Rout: College Campus - New Bus Stand, Banjar – Banjar Market – Old Bus Stand Banjar – Ambedkar Bhawan Banjar
“Meri Maati-Mera Desh...Desh-Prem Ka Yhi Sandesh!”
(Principal)


“अमृत कलश”
“मेरी माटी मेरा देश”
“माटी को नमन-वीरों का वन्दन”




अभिनन्दन
















## आंबेडकर भवन तक निकाली तिरंगा कलश यात्रा

बंजार (कुल्लू)। राजकीय डिग्री कॉलेज बंजार की एनएसएस इकाई ने सोमवार को खंड स्तरीय कलश तिरंगा यात्रा निकाली। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में स्वयंसेवियों के साथ राष्ट्रीय छात्र वाहिनी तथा रोवर एवं रेंजर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

तिरंगा कलश यात्रा महाविद्यालय परिसर से आंबेडकर भवन तक निकाली गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने रवाना किया। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी समापन पर उपस्थित हुए। इस मौके पर भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय राधाकृष्ण महाजन के पुत्र तिलक महाजन, आर्मी इंटेलिजेंस कोर से सेवानिवृत्त ऑनरेरी कैप्टन लाल सिंह ठाकुर तथा सेवानिवृत्त सूबेदार मोहन सिंह राठौर को सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं युवाओं से राष्ट्र भक्ति तथा समर्पण सहित देश की सेवा का आह्वान किया। नेहरू युवा केंद्र संगठन कुल्लू की जिला युवा अधिकारी मोनिका चंद्रा ने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में कलश तिरंगा यात्रा पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर उप प्राचार्य डॉ. जोगिंद्र सिंह, सलाहकार समिति प्रमुख प्रो. राम नंद, रोवर प्रभारी डॉ. दुनी चंद, रेंजर प्रमुख डॉ. हिमलता, राष्ट्रीय छात्र वाहिनी प्रभारी प्रो. टिकम राम मौजूद रहे। संवाद

| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** | **: पर्यावरण स्वच्छता तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन** |
| **आयोजन/ प्राप्ति तिथि** | **: 17 अक्तूबर, 2023** |
| **मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** | **: अधिकारीगण, ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क** |
| **स्वयं-सेवियों की संख्या** | **: 55** |

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 17 अक्तूबर, 2023 को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण स्वच्छता तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। यह जागरूकता रैली नये बस स्टैंड

बंजार से आरंभ होकर तीर्थन घाटी के शाई रोपा स्थित ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क परिसर पहुंच कर सम्पन्न हुई। इस रैली में महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब ने भी भाग लिया। इस मौके पर स्वयं-सेवियों ने पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक स्वच्छता तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित नारों के माध्यम से घाटी के लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात् ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क में स्वयं-सेवियों को वन्य जीव संग्राहलय दिखाया गया जिसमें वन रक्षक श्री पुवेन्द्र ठाकुर द्वारा ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क की पृष्ठभूमि, क्षेत्रफल, यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल होने तथा इस पार्क में उपलब्ध विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति, वन्यजीवों यथा पशुओं व पक्षियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों को संग्राहलय के साथ-साथ पार्क में विकसित की गई विभिन्न सुविधाओं तथा नवोन्मेष की जानकारी भी दी। इस मौके पर उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित भी किया। इस प्रकार स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए तथा स्वयं-सेवियों में पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति प्रेम को व्यावहारिक पहल द्वारा स्थापित करते हुए यह जागरूकता रैली सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : "मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : 18 अक्तूबर, 2023

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : 30

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय **बंजार** द्वारा दिनांक: 18 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में "मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब के साथ मिलकर आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया तथा मतदाता के रूप में विद्यार्थियों की भूमिका पर विशेष जानकारियां दी गईं। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी दुर्गेश्वरी ठाकुर तथा शबनम द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए जबकि महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब के समन्वयक डॉ. योग राज ने निर्वाचन साक्षरता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों से मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में सभी स्वयं-सेवियों तथा विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को समझने तथा मतदाता जागरूकता बारे प्रयासरत रहने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के मुख्य सलाहकार आचार्य रामा नन्द द्वारा सभी का औपचारिक धन्यवाद किया गया। इसके बाद सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से समाप्त हो गया।












**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नई पोशाक में परेड अभ्यास**
**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 20 अक्तूबर, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 32**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 20 अक्तूबर, 2023 को इकाई के स्वयं-सेवियों की नई पोशाक के साथ परेड अभ्यास आयोजित किया गया। इसमें इकाई के 32 स्वयं-सेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना की नई पोशाक; सफेद कमीज, ग्रे पेंट, सफेद हैकल व बैज सहित गोल टोपी, कमरबंद सहित झालर, शैष, सफेद ड्रिल ग्लब्स तथा काले ड्रिल जूतों सहित सम्पूर्ण पोशाक में परेड अभ्यास किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा व उपप्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने उपस्थित जनों को बताया कि इस विशेष परेड अभ्यास में भाग लेने वाले अधिकांश स्वयं-सेवियों ने स्वयं अपने व्यक्तिगत वित्तीय व्यय से यह नई पोशाक खरीदी है जबकि आर्थिक रूप से अक्षम कुछ स्वयं-सेवियों को महाविद्यालय के शिक्षकों ने वित्तीय सहयोग कर यह नई पोशाक प्रदान की है। इनमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा, उपप्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर, डॉ. रमेश कुमार यादव तथा डॉ. लीना वैद्य ने दो-दो स्वयं-सेवियों को जबकि डॉ. विकास कुमार और डॉ. कुलदीप सिंह ने एक-एक स्वयं-सेवी को वित्तीय सहायता कर यह नई पोशाक दिलवाई है। इन सब के अलावा इकाई के मुख्य सलाहकार आचार्य रामा नन्द तथा स्वयं इकाई कार्यक्रम अधिकारी द्वारा तीन-तीन स्वयं-सेवियों को नई पोशाक उपलब्ध करवाई गई है। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा इन सभी सहयोग कर्ताओं के प्रति इकाई की ओर से कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की नई पोशाक में भव्य परेड अभ्यास का जायज़ा लिया और सभी स्वयं-सेवियों को भविष्य के लिए हार्दिक

शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार को हिमाचल प्रदेश की श्रेष्ठतम इकाईयों में से एक बतलाया और इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाने के लिए सभी स्वयं-सेवियों से अनुशासित प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। इस मौके पर सर्वसम्मति से प्रत्येक शनिवार को नई पोशाक में परेड अभ्यास करने का निर्णय भी लिया गया। इस प्रकार यह विशेष परेड अभ्यास सम्पन्न हुई।










**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दो दिवसीय परिसर स्वछता शिविर का आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 21 तथा 22 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि :**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 20**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 21 तथा 22 अक्तूबर, 2023 को इकाई के स्वयं-सेवियों की विशेष पहल पर दो दिवसीय परिसर स्वछता व सोंदर्यकरण शिविर आयोजित किया गया। इसमें इकाई के कुछ स्वयं-सेवियों ने पहले दिन जबकि कुछ स्वयं-सेवियों ने दूसरे दिन उपस्थित रहकर विगत बरसातों में बंद हुई नालियों को साफ किया और दीवारों पर उगी झाड़ियों को भी साफ किया। स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय के मुख्य मार्ग के साथ-साथ महाविद्यालय प्रांगण तथा कला मंच की भी सफाई की। इसके बाद सभी स्वयं-सेवी बला गाँव में स्थित महा ऋषि मार्कंडेय मंदिर के गुरूजी द्वारा दिए गये निमंत्रण पर मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने बला गाँव गये और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात सभी स्वयं-सेवियों ने अपने-अपने व्यक्तिगत अनुभव वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से प्रस्तुत किये। इन दो दिनों में लगभग 20 स्वयं-सेवियों ने परिसर स्वछता व सोंदर्यकरण कार्यों में अपना योगदान दिया। इस प्रकार ये दो दिवसीय शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : स्वयं-सेवी सुश्री मोनू ठाकुर का पूर्व-गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 25 अक्तूबर से 03 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 01**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की कला स्नातक अंतिम वर्ष की स्वयं-सेवी सुश्री मोनू ठाकुर पूर्व-गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयनित हुईं हैं। इकाई की ओर से अर्जित यह उपलब्धि सम्पूर्ण महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस सन्दर्भ में विगत 11 अक्तूबर को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय चयन शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार की दो स्वयं-सेवियों सुश्री शबनम और सुश्री मोनू ठाकुर ने भाग लिया था जिसमें से सुश्री मोनू ठाकुर पूरे हिमाचल प्रदेश से चयनित कुल 26 स्वयं-सेवियों में अपना स्थान बनाने में सफल रहीं। इस राज्य स्तरीय चयन शिविर में कुल 85 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया था। अब चयनित स्वयं-सेवियों के लिए हरियाणा के फतेहाबाद स्थित मनोहर मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक: 25 अक्तूबर से 03 नवम्बर, 2023 तक दस दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व-गणतंत्र दिवस शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें सुश्री मोनू ठाकुर राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार तथा जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करेंगीं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पूर्व-गणतंत्र दिवस शिविर हेतु जिला स्तरीय चयन शिविर राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में विगत 19 सितम्बर को आयोजित किया गया

था। इस बार जिला कुल्लू से केवल दो स्वयं-सेवियों का चयन हुआ है जिसमें बंजार इकाई से सुश्री मोनू ठाकुर के अलावा राजकीय महाविद्यालय कुल्लू से स्वयं-सेवी नेहा कुमारी शामिल है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने सभी स्वयं-सेवियों विशेष रूप से सुश्री मोनू ठाकुर को बधाई दी है। उन्होंने सभी से महाविद्यालय का नाम रोशन करने हेतु परिश्रम जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी इकाई के प्रयासों के लिए शुभकामनायें प्रेषित कीं।






















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस तथा दशहरा पर्व पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन**


**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **24 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. श्रवण कुमार**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **14**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 24 अक्तूबर, 2023 को संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस तथा दशहरा पर्व के अवसर पर महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक अवकाश के बावजूद 14 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस मौके पर स्वयं-सेवियों ने भाषण तथा काव्य-पाठ के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, इसकी पृष्ठभूमि, इसके विभिन्न अंगों तथा विश्व शांति में इसके योगदान पर प्रकाश डाला गया। उल्लेखनीय है कि 24 अक्तूबर, 1945 को 50 राष्ट्रों के समूह ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की थी। इस संघ को स्थापित हुए 78 वर्ष होने जा रहे हैं और वर्तमान में विश्व के 193 राष्ट्र इसके सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व पर भी स्वयं-सेवियों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये तथा वर्तमान में इस पर्व की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। इसके पश्चात स्वयं-सेवियों ने जीवन कौशल से सम्बंधित विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों में भी भाग लिया गया। इस प्रकार आज का यह कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हो गया।









## विश्व शांति के लिए संघ के योगदान को उजागर किया

### दशहरा पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

बंजार, 24 अक्तूबर (लक्ष्मण): राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दशहरा पर्व के अवसर पर महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अवकाश के बावजूद 14 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सभी 14 स्वयंसेवियों ने भाषण तथा काव्य पाठ के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, इसकी पृष्ठभूमि, इसके सदस्य राष्ट्रों, इसके विभिन्न अंगों तथा विश्व शांति के लिए संघ के योगदान को उजागर किया।

इसके अलावा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व पर भी स्वयंसेवियों ने अपने-अपने सम्बोधन में इस पर्व की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की और जीवन कौशल से संबंधित विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों में भी भाग लिया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने दी।

*बंजार : कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी व कार्यक्रम अधिकारी सामूहिक चित्र में।*



## काव्य पाठ से समझाई यूएनओ की पृष्ठभूमि

बंजार (कुल्लू)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) के स्थापना दिवस एवं दशहरा उत्सव के तहत मनाया गया। महाविद्यालय के 14 स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थित दर्ज करवाई। स्वयंसेवियों ने भाषण तथा काव्य पाठ के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, पृष्ठभूमि, सदस्य राष्ट्रों, विभिन्न अंगों तथा विश्व शांति के लिए संघ के योगदान को उजागर किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्तूबर 1945 को 50 राष्ट्रों के समूह ने मिलकर की थी। उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव के तहत स्वयंसेवियों ने अपने-अपने संबोधन में उत्सव की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। संवाद





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **स्वयं-सेवी श्री पुनीत द्वारा मेरी माटी-मेरा देश श्रृंखला के राष्ट्रीय कार्यक्रम में विकास खंड बंजार तथा जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **30 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **श्री अनुराग ठाकुर, केन्द्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **01**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के कला स्नातक अंतिम वर्ष के स्वयं-सेवी श्री पुनीत द्वारा मेरी माटी-मेरा देश श्रृंखला के राष्ट्रीय कार्यक्रम में विकास खंड बंजार तथा जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व किया जायेगा। इकाई की ओर से अर्जित यह एक ओर उपलब्धि सम्पूर्ण महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में श्री पुनीत बंजार क्षेत्र की माटी के कलश को नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर ले जाकर राष्ट्रीय स्तर पर निर्मित होने वाली अमृत वाटिका के लिए समर्पित करेंगें। उल्लेखनीय है कि श्री पुनीत का चयन नेहरु युवा केंद्र संगठन कुल्लू द्वारा इस कार्यक्रम के लिए किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने इसे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा महाविद्यालय के लिए गौरवमयी क्षण बताया। उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों को अपनी ओर से शुभकामनायें दीं और सभी से अपने सामाजिक प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाते रहने का आह्वान किया।










**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : खादी महोत्सव पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 30 अक्तूबर, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 15**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 30 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में खादी महोत्सव के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी कंगना वशिष्ट द्वारा किया गया जबकि स्वयं-सेवी अक्षता ने औपचारिक स्वागत तथा स्वयं-सेवी निधि शर्मा ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वयं-सेवियों द्वारा वंदना गायन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में 20 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस मौके पर स्वयं-सेवियों ने भाषण, काव्य-पाठ, नारा लेखन, चित्रकला आदि विधाओं के माध्यम से खादी की पृष्ठभूमि, इसके अनुप्रयोग, इसकी महता तथा खादी के प्रयोग को बढ़ाने बारे जागरूकता हेतु अपने-अपने विचार प्रकट किये। इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द द्वारा भी खादी के महत्त्व पर विस्तारसहित चर्चा की गयी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा सामूहिक राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हो गया।












**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय एकता दिवस तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 31 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. रमेश कुमार यादव**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 70**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 31 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डॉ. रमेश कुमार यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी दुर्गेश्वरी ठाकुर द्वारा किया गया जबकि स्वयं-सेवी योग राज ने औपचारिक स्वागत तथा स्वयं-सेवी हर्षा ठाकुर ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वयं-सेवियों द्वारा वंदना गायन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में 25 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस मौके पर स्वयं-सेवियों ने भाषण, काव्य-पाठ, नारा लेखन, चित्रकला तथा पोस्टर निर्माण जैसी विधाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता दिवस, युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का विकास, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन तथा उनकी शिक्षाओं पर अपने-अपने विचार प्रकट किये। इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द द्वारा भी राष्ट्रीय एकता दिवस पर विस्तारसहित बातें की गयी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। समापन चरण में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया और इसके बाद सभी स्वयं-सेवियों ने बाहर परिसर में आकर आचार्य रामा नन्द तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहित महाविद्यालय परिसर से भूमार गाँव तक लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तक राष्ट्रीय एकता दौड़ में

भाग लिया जो पुन: महाविद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। वापिस लौटकर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान किया और इस प्रकार यह कार्यक्रम संपन्न हो गया।






















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संगठन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रतिनिधियों का मनोनयन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **31 अक्तूबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **02**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संगठन की सत्र: 2023-24 के लिए नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दो स्वयं-सेवियों सुश्री दुर्गेश्वरी ठाकुर, कला स्नातक तृतीय वर्ष तथा श्री योग राज, कला स्नातक प्रथम वर्ष को महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संगठन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रतिनिधियों के रूप

में इकाई की ओर से मनोनित किया गया है।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य महोदय तथा उप-प्राचार्य महोदय का विशेष आभार ज्ञापन**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 21 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 21 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में एक विशेष आभार ज्ञापन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा तथा उप-प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर का इकाई के लिए दिए गये मार्गदर्शन तथा योगदान हेतु हार्दिक आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु दोनों के प्रयासों के लिए भी दोनों को इकाई की ओर से धन्यवाद दिया। इस बैठक में 50 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। बैठक के पश्चात सभी स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का प्रथम चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 22 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 22 नवम्बर, 2023 को इकाई को राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन की मेज़बानी प्राप्त होने के सकारात्मक संकेत मिलने पर महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का प्रथम चरण शुरू किया गया जिसमें 47 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में सभी स्वयं-सेवियों ने नीचे क्षेत्र में बहते नाले से बोरियों में भरकर रेत लाना शुरू किया और इसे परिसर में ढेर लगाकर रखना शुरू किया। बाद में स्वयं-सेवियों ने परिसर के साथ लगते क्षेत्र की झाड़ियों को भी साफ किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों को जलपान करवाया गया। तदोपरांत तैयारियों का यह प्रथम चरण समाप्त हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का द्वितीय चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **23 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 23 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का दूसरा चरण शुरू किया गया। इसमें भी 47 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में सभी स्वयं-सेवियों ने फूलों की क्यारियों के लिए नीचे नाले से गोल पत्थर लाना शुरू किया और इसे परिसर में ढेर लगाकर रखना शुरू किया। कुछ स्वयं-सेवियों ने कला मंच तथा मुख्य द्वार के पास उगी झाड़ियों को भी साफ किया जबकि कुछ ने फूलों की क्यारियां बनाना शुरू किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों को जलपान करवाया गया। तदोपरांत तैयारियों का यह द्वितीय चरण संपन्न हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का तृतीय चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **24 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 24 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का तीसरा चरण शुरू किया गया। इसमें भी सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में सभी स्वयं-सेवियों ने नीचे नाले से गोल पत्थर लाकर सड़क में ढेर करना शुरू किया और बाद में पत्थरों के इस ढेर को टिप्पर में डालकर महाविद्यालय परिसर लाया गया। कुछ स्वयं-सेवियों ने फूलों की क्यारियां साफ करने का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया। तदोपरांत तैयारियों का यह तृतीय चरण समाप्त हो गया।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का चौथा चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **25 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 25 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का चौथा चरण शुरू हुआ। इसमें भी सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में सभी स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय के प्रवेश द्वार से लेकर परिसर तक की झाड़ियों व दीवारों को साफ किया और कुछ स्वयं-सेवियों ने फूलों की क्यारियां साफ करने तथा क्यारियों में नाले से लाये गये गोल पत्थर लगाने का काम किया। कुछ स्वयं-सेवियों ने मुख्य द्वार की ओर के ढलानदार क्षेत्र में भूमि खोदकर उसमें पत्थर गाड़कर अंग्रेजी में “I LOVE NSS” बनाने का काम शुरू किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया। आज से स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारियों का अभ्यास भी आरंभ कर दिया। तदोपरांत तैयारियों का यह चौथा चरण समाप्त हो गया।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का पाचवां चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **26 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 26 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी दुर्गेश्वरी ठाकुर तथा ममता द्वारा किया गया जबकि स्वयं-सेवी अक्षता ने औपचारिक स्वागत तथा स्वयं-सेवी भुवनेश्वरी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वयं-सेवियों द्वारा वंदना गायन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में 47 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वयं-सेवी पुनीत द्वारा सभी को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर स्वयं-सेवियों ने भाषण, काव्य-पाठ, नारा लेखन, चित्रकला आदि माध्यमों से संविधान की पृष्ठभूमि, इसके विभिन्न अनुच्छेदों, कानून के शासन, इसकी महता तथा संविधान दिवस बारे जागरूकता हेतु अपने-अपने विचार प्रकट किये। इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने भी संविधान दिवस पर अपने-अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सभी से संविधान के प्रत्येक उपबंध को व्यावहारिक जीवन में प्रयोग कर राष्ट्र की उन्नति में सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने बीते कई दिनों से जारी परिसर

सौन्दर्यकरण के कार्यों तथा राज्य स्तरीय मेगा शिविर की तैयारियों पर अत्यंत प्रसन्नता ज़ाहिर करते हुए स्वयं-सेवियों की प्रतिबद्धता की सराहना भी की। उन्होंने महाविद्यालय सौन्दर्यकरण हेतु सफेदी के लिए अपनी व्यक्तिगत निधि से 50 किलोग्राम चूना देने के साथ-साथ स्वयं-सेवियों को दोपहर में जलपान के साथ भोजन बनाने के लिए सूखा राशन के तहत 10 किलोग्राम हरियाली चावल देने की घोषणा भी की। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा सामूहिक राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हो गया।

इसके बाद परिसर में तैयारियों का पांचवां चरण शुरू हुआ। इसमें भी सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में सभी स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय के प्रवेश द्वार से लेकर परिसर तक फूलों की क्यारियां साफ करने तथा क्यारियों में नाले से लाये गये गोल पत्थर लगाने का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह पांचवां चरण संपन्न हो गया।








## भारतीय संविधान की पृष्ठभूमि और महत्व बताया

बंजार : महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवी।

### बंजार महाविद्यालय में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

बंजार, 26 नवम्बर (लक्ष्मण): राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा रविवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डा. दीपक कुमार शर्मा मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने भाषण, काव्य पाठ, चित्रकला, नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग के माध्यम से संविधान दिवस, संविधान की प्रस्तावना, कानून का शासन, संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों, समानता, स्वतन्त्रता तथा अभिव्यक्ति की सशक्तता से सम्बन्धित विभिन्न पक्षों को उजागर किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी दुर्गेश्वरी व ममता ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा भी सभी स्वयंसेवियों को संविधान दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उन्होंने सभी को भारतीय संविधान की पृष्ठभूमि और इसके महत्व से अवगत कराया।

मुख्यातिथि डा. दीपक कुमार शर्मा ने सभी स्वयंसेवियों द्वारा विगत कुछ दिनों से महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवियों द्वारा किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर उनके प्रयासों को सराहा तथा संविधान दिवस पर सभी स्वयंसेवियों से भारतीय संविधान को समझने और इसके सभी पहलुओं को व्यावहारिक रूप से अनुपालना में लाने का आह्वान किया।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को अपनी व्यक्तिगत निधि से महाविद्यालय परिसर में सफेदी के लिए 50 किलो ग्राम चूना तथा पौधों की काट-छांट के लिए एक कटिंग कैंची देने की घोषणा भी की। इसके पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा सामूहिक राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हो गया।



**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का छठा चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **27 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 27 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का छठवां चरण शुरू हुआ। इसमें भी सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में कुछ स्वयं-सेवियों ने क्यारियों में नाले से लाये गये गोल पत्थर लगाने का काम किया। कुछ स्वयं-सेवियों ने परिसर में कमल ताल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना स्मारक बनाने का काम शुरू किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया और इसी बीच कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने सभी को गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं तथा गुरु ग्रन्थ साहिब जी के दोहों से परिचित करवाया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह छठा चरण समाप्त हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का सातवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 28 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 28 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का सातवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें भी सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में कुछ स्वयं-सेवियों ने क्यारियों में नाले से लाये गये गोल पत्थर लगाने का काम किया जबकि कुछ स्वयं-सेवियों ने परिसर की दीवारों और पत्थरों पर सफेदी करने का काम शुरू किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह सातवाँ चरण समाप्त हो गया।




**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का आठवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 29 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 29 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का आठवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें भी सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में कुछ स्वयं-सेवियों ने परिसर की दीवारों और पत्थरों पर सफेदी करने का काम जारी रखा और कुछ स्वयं-सेवियों ने परिसर में JCB मशीन द्वारा निकाली गयी मिट्टी को फूलों की क्यारियों में डालने का काम किया गया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह आठवाँ चरण संपन्न हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का नौवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 30 नवम्बर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 30 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का नौवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें भी सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस चरण में कुछ स्वयं-सेवियों ने परिसर की दीवारों और पत्थरों पर सफेदी करने के साथ-साथ सड़क किनारे बचे पत्थरों को लगाने का काम जारी रखा और कुछ स्वयं-सेवियों ने परिसर के नीचे की ओर के क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य – "स्वयं से पहले आप" का अंग्रेजी अनुवाद "NOT ME BUT YOU" को ज़मीन खोदकर उसमें पत्थर गाड़कर बनाने का काम शुरू किया । कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह नौवाँ चरण संपन्न हो गया।






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **विश्व एड्स दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत एड्स जागरूकता रैली का आयोजन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का दसवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **01 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **47**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 01 दिसंबर, 2023 को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय परिसर से पुराना बस स्टैंड बंजार तक एक विशेष एड्स जागरूकता रैली आयोजित की गयी। इस एड्स जागरूकता अभियान में 47 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सार्वजनिक संबोधन द्वारा स्वयं-सेवियों ने बन्जार के पुराना बस स्टैंड में मौजूद आम लोगों को भाषण और कविताओं के माध्यम से एड्स तथा HIV विषाणु के संक्रमण बारे जागरूक किया। इस मौके पर इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने भी एड्स जागरूकता के प्रति लोगों को जानकारियां दीं। इस एड्स जागरूकता अभियान में समीप से गुज़र रहे कोठी-चैहणी, जिला परिषद वार्ड से जिला परिषद सदस्य श्री मान सिंह ने भी शिरकत की और उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए एड्स के प्रति सजग और जागरूक रहने का आह्वान उन्होंने किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई बन्जार के स्वयं-सेवियों द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक विषयों पर किये जा रहे प्रयासों को भी खूब सराहा। इस प्रकार यह एड्स जागरूकता रैली पुन: महाविद्यालय परिसर आकर समाप्त हो गयी।

इसके बाद महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर की तैयारियों का दसवाँ चरण शुरू

हुआ। सभी स्वयं-सेवियों ने इस चरण में परिसर की दीवारों और पत्थरों पर सफेदी करने, फूलों की क्यारियां बनाने तथा परिसर में कमल ताल व राष्ट्रीय सेवा योजना स्मारक बनाने के कम में अपना योगदान दिया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने जलपान ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह दसवाँ चरण समाप्त हो गया।















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का ग्यारहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **02 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 02 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का ग्यारहवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार अलग-अलग समूहों में विभाजित होकर विभिन्न कार्यों में भाग लिया। इस चरण से तीन स्वयं-सेवियों ने इकाई के बर्तन और गैस चूल्हों का प्रयोग करते हुए सहयोग में प्राप्त चावल व दालों को पकाकर दोपहर में जलपान की जगह भोजन की व्यवस्था आरम्भ की गयी। इस चरण में स्वयं-सेवियों ने परिसर की दीवारों और पत्थरों पर सफेदी करने के साथ-साथ दीवार लेखन, महाविद्यालय पार्किंग की सफाई, सड़क पर झाड़ू लगाना, परिसर के पीछे की नालियों को साफ करना तथा वाहन पार्किंग क्षेत्र में क्यारियों का निर्माण करना आदि कार्यों में अपना योगदान दिया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह ग्यारहवाँ चरण संपन्न हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का बारहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **03 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 03 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का बारहवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार दो समूहों में विभाजित होकर, एक समूह ने पार्किंग की दीवारों पर तो दूसरे समूह ने परिसर की ऊँची दीवारों पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक सन्देश लेखन का कार्य शुरू किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह बारहवाँ चरण संपन्न हो गया।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का तेरहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **04 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 04 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का तेरहवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार दो समूहों में विभाजित होकर, एक समूह ने दीवारों पर लेखन का कार्य जारी रखा जबकि दूसरे समूह ने परिसर की सीमा में लगाये गये पोधों के आसपास की झाड़ियों को साफ करने का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह तेरहवाँ चरण संपन्न हो गया।






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : अंतर्राष्ट्रीय स्वयं-सेवी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का चौदहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 05 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 05 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय स्वयं-सेवी दिवस के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा मुख्य अतिथि तथा उप-प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने स्वयं-सेवियों की बेहतर समाज निर्माण में भूमिका बारे बताया तथा सभी को अंतर्राष्ट्रीय स्वयं-सेवी दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें दीं। प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा तथा उप-प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने भी सभी को शुभकामनायें देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इसके बाद परिसर में तैयारियों का चौदहवाँ चरण शुरू हुआ। ठीक इसी बीच कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से प्राप्त ई-मेल सन्देश के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर-2023 की आयोजन तिथि 18 से 22 दिसम्बर, 2023 तक राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में आयोजित होने की औपचारिक अधिसूचना प्राप्त हुई। इससे सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में ख़ुशी की लहर दौड़

पड़ी। सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार बड़े ज़ोर-शोर और उत्साह के साथ दीवारों पर लेखन तथा नालियों को साफ करने का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह चौदहवाँ चरण संपन्न हो गया।















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का पन्द्रहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **06 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 06 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का पन्द्रहवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार तीन समूहों में विभाजित होकर, एक समूह ने दीवारों पर लेखन का कार्य जारी रखा जबकि दूसरे समूह ने सड़क की सफाई की और तीसरे समूह ने कलामंच के पास फूलों की क्यारियां बनाने का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह पन्द्रहवाँ चरण संपन्न हो गया।






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का सोलहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **07 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 07 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का सोलहवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर दीवारों पर लेखन तथा साफ-सफाई का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह सोलहवाँ चरण संपन्न हो गया।







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का सत्रहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 08 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 08 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का सत्रहवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर मुख्य द्वार के स्तंभों पर जीवन कौशल लेखन, लकड़ी के वोर्ड पर इकाई के

सभी समूहों के नाम लेखन तथा कलामंच के पीछे के दो कमरों की साफ-सफाई का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह सत्रहवाँ चरण संपन्न हो गया।






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का अठारहवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 09 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 09 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का अठारहवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर दीवारों पर सफेदी व लेखन का कार्य तथा परिसर के विभिन्न मार्गों में साफ-सफाई का काम किया। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह अठारहवाँ चरण संपन्न हो गया।






**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का उन्नीसवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 10 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. (डॉ.) वरयाम सिंह नेगी**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 10 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय नई दिल्ली के पूर्व अधिष्ठाता भाषा अध्ययन तथा रुसी भाषा के विद्वान् प्रो. (डॉ.) वरयाम सिंह नेगी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी हमिन्द्रा तथा ललिता द्वारा किया गया जबकि औपचारिक स्वागत स्वयं-सेवी डोलमा और आभार ज्ञापन स्वयं-सेवी अक्षता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक आगाज़ किया गया। स्वयं-सेवियों ने भाषण तथा कविताओं के माध्यम से मानवाधिकारों से सम्बद्ध विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। इकाई की सलाहकार समिति के प्रमुख आचार्य रामा नन्द तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने भी मानवाधिकारों के महत्त्व पर विचार प्रकट किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हमें सामाजिक मान्यताओं तथा धारणाओं से उपर उठकर मानवता के हितों के प्रति सजग रहना चाहिए और जात, धर्म, लिंग, वर्ग, भाषा, समुदाय आदि से अलग हटकर इंसानियत के नाते एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान गायन उपरांत कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हो गया।

इसके बाद परिसर में तैयारियों का उन्नीसवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार दीवारों पर सफेदी व लेखन का कार्य तथा परिसर के विभिन्न मार्गों में साफ-सफाई का काम जारी रखा। कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी

किया। तदोपरांत तैयारियों का यह उन्नीसवाँ चरण संपन्न हो गया।















| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** | **: राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का बीसवाँ चरण** |
| **आयोजन/ प्राप्ति तिथि** | **: 11 दिसंबर, 2023** |
| **मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** | **: प्रो. रामा नन्द** |
| **स्वयं-सेवियों की संख्या** | **: 45** |

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 11 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का बीसवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर सभी स्वयं-सेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिए स्थानीय समाज से सामाजिक सहयोग प्राप्त करने हेतु अलग-अलग दलों में विभाजित होकर बंजार के पुराना बस स्टैंड, शेगलू बाज़ार, नया बस स्टैंड तथा सिधवां आदि क्षेत्रों से आर्थिक सहयोग (दान) एकत्र किया। यह कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय आकर भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह बीसवाँ चरण संपन्न हो गया।







| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** | **: राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का इक्कीसवाँ चरण** |
| **आयोजन/ प्राप्ति तिथि** | **: 12 दिसंबर, 2023** |
| **मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** | **: प्रो. रामा नन्द** |
| **स्वयं-सेवियों की संख्या** | **: 45** |

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 12 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का इक्कीसवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में एक घंटा परेड का अभ्यास किया और फिर सभी स्वयं-सेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिए स्थानीय समाज से सामाजिक सहयोग प्राप्त करने हेतु अलग-अलग दलों में विभाजित होकर बंजार की तीर्थन घाटी, जीभी घाटी तथा बालीचौकी आदि क्षेत्रों से आर्थिक सहयोग (दान) एकत्र किया। इस दौरान सभी स्वयं-सेवियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में ही दोपहर का भोजन ग्रहण किया और शाम को पुन: महाविद्यालय परिसर लौट आये। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह इक्कीसवाँ चरण संपन्न हो गया।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का बाईसवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 13 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 13 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का बाईसवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर सभी स्वयं-सेवियों ने मिलकर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के भंडार गृह (स्टोर) की साफ-सफाई की तथा इसके बाद महाविद्यालय के भवन की भीतरी साफ-सफाई का कार्य भी पूरा किया। यह कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने मिलकर भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह बाईसवाँ चरण संपन्न हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का तेईसवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 14 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 14 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का तेईसवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर सभी स्वयं-सेवियों ने मिलकर राज्य स्तरीय मेगा शिविर में आने वाले प्रतिभागियों के ठहरने हेतु कमरों की व्यवस्था दुरुस्त की और खेल विभाग के कक्ष से खेल मेट लाकर इन कमरों में रखने का काम पूरा किया। यह कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने मिलकर भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह तेईसवाँ चरण संपन्न हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का चौबीसवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **15 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का चौबीसवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर सभी स्वयं-सेवियों ने मिलकर राज्य स्तरीय मेगा शिविर की तैयारियों से जुड़े बचे हुए कार्यों को पूरा किया जिसमें सजावट के लिए रंग-बिरंगे कागज़ के गुलदस्ते तथा लड़ियाँ बनाने का कार्य, रसोई व पानी गर्म करने के लिए लकड़ियों की व्यवस्था तथा महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पक्के रंग से रंगोली बनाने आदि का कार्य शामिल रहा। यह कार्य संपन्न होने पर सभी स्वयं-सेवियों ने मिलकर भोजन ग्रहण किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। तदोपरांत तैयारियों का यह चौबीसवाँ चरण संपन्न हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का पच्चीसवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि :16 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 16 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का पच्चीसवाँ चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह के सत्र में दो घंटे परेड का अभ्यास किया और फिर सभी स्वयं-सेवी मिलकर राज्य स्तरीय मेगा शिविर में भाग लेने की औपचारिकताओं को पूर्ण करने के लिए अपना-अपना चिकित्सा प्रमाण-पत्र बनवाने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंजार गये। इसके बाद सभी ने आकर दोपहर का भोजन किया और अपना-अपना सामान निर्धारित कमरों में रखा क्योंकि आज से सभी स्वयं-सेवी रात को महाविद्यालय परिसर में ही ठहरने वाले थे। इसके बाद सभी स्वयं-सेवियों ने मिलकर बचे हुए सजावट तथा अन्य कार्यों को पूरा किया तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी किया। सभी कार्य संपन्न होने पर स्वयं-सेवियों ने मिलकर रात्रि भोजन ग्रहण किया और फिर छात्र तथा छात्रा स्वयं-सेवी अपने-अपने कक्षों में जाकर सो गये। इस प्रकार तैयारियों का यह पच्चीसवाँ चरण संपन्न हो गया।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन हेतु तैयारियों का छब्बीसवाँ चरण**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 17 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 45**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 17 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में तैयारियों का निर्णायक छब्बीसवाँ तथा अंतिम चरण शुरू हुआ। इसमें सभी स्वयं-सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार सुबह 05:00 बजे उठकर पूरे महाविद्यालय परिसर, प्रांगण तथा महाविद्यालय मार्ग में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और इसके बाद सभी ने परेड का अभ्यास किया। इसके पश्चात नाश्ता कर सभी स्वयं-सेवियों को कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अलग-अलग समूहों में विभाजित कर कार्य सौंपे गये। इन समूहों को सौंपे गये विभिन्न कार्यों में नये तथा पुराने बस स्टैंड बंजार से शिविर में आने वाले प्रतिभागियों को महाविद्यालय तक लाने, प्रतिभागियों का परिसर में आरती सहित अभिनन्दन करने, रसोईघर में खाना बनाने हेतु सहयोग करने इत्यादि कार्य प्रमुख रहे।

इस प्रकार राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन की तैयारियों से जुड़ा यह छब्बीसवाँ तथा अंतिम चरण संपन्न हो गया। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों से इस राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने आये सभी स्वयं-सेवियों का महाविद्यालय इकाई द्वारा गर्मजोशी और परम्परानुसार स्वागत किया गया और उनके सामान निर्धारित कमरों तक ले जाकर दिए गये। सभी स्वयं-सेवियों को शाम 07:30 बजे  रात्रि भोजन करवाया गया और फिर इस राज्य स्तरीय मेगा शिविर में भाग ले रहे सभी स्वयं-सेवियों को आठ समूहों में विभाजित किया गया। इन समूहों के नाम स्थानीय इकाई द्वारा चयनित नामों पर आधारित रखे गये जिनमें सकीर्ण, तीर्थन, तुंगासी, चैहणी, अनंत, ॐ, सनातन तथा सरयोलसर

कुल आठ समूह बनाये गये। सभी को सूचित किया गया कि कल प्रात: से शिविर संपन्न होने तक इन्ही समूहों के माध्यम से स्वयं-सेवियों को शिविर की गतिविधियों में भाग लेना होगा। इसके बाद सभी छात्र तथा छात्रा स्वयं-सेवी अपने-अपने निर्धारित कक्षों में जाकर सो गये। इस प्रकार सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तय करके, सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर यह निर्णायक चरण संपन्न हो गया।



















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 (शुभारम्भ दिवस)**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 18 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 200**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 दिनांक: 18 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में आरम्भ हुआ। इसमें हिमाचल प्रदेश के ग्यारह जिलों के 40 महाविद्यालयों के 127 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इनके अलावा स्थानीय महाविद्यालय की इकाई के स्वयं-सेवियों, राष्ट्रीय छात्र वाहिनी, रेंजर्स व रोवर्स तथा महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर कुल प्रतिभागियों की संख्या 230 के करीब रही। अब तक के राज्य स्तरीय मेगा शिविर आयोजन के इतिहास में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नाम यह एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है जिसमें प्रदेश के सर्वाधिक ग्यारह जिलों (किन्नौर जिला को छोड़कर) से सबसे अधिक संख्या में स्वयं-सेवी इस मेगा शिविर में शामिल हुए हैं। इस मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयं-सेवियों में स्वस्थ कार्यसंस्कृति तथा नैतिक मूल्यों का विकास करना और व्यक्तित्व विकास के लिए जीवन कौशल से सम्बद्ध प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस मेगा शिविर में कार्यक्रम समन्वयक कार्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से दो आधिकारिक प्रतिनिधियों; श्री सूरज मणि, राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी तथा श्री कर्म सिंह, राजकीय महाविद्यालय निहरी को सफलतापूर्वक शिविर आयोजन हेतु प्रतिनियुक्त किया गया था।

इस राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 की विषयवस्तु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा "Come Together for a Better Future: Healthy and Wealthy Himachal Pradesh" "स्वस्थ तथा समृद्ध हिमाचल प्रदेश के बेहतर भविष्य के लिए एक साथ आयें", निर्धारित की गयी थी।

शिविर के प्रथम दिन सभी स्वयं-सेवियों को प्रात: 05:00 बजे उठाया गया और 05:30 बजे से "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया करवाई गयी। इसके बाद परिसर से बंजार मेला मैदान स्थित श्री श्रृंगा ऋषि जी की थड़ी तक प्रभात फेरी निकाली गयी। यहाँ पूजा-अर्चना उपरांत सभी भजन-कीर्तन करते हुए परिसर की ओर लौट आये और आकर सभी ने नाश्ता किया। नाश्ते के बाद कुछ समय विश्राम कर सभी को परेड का अभ्यास करवाया गया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का औपचारिक उदघाटन समारोह आरम्भ हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा रहे जिन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनके लिए यह शिविर बहुआयामी प्रेरणा का स्रोत रहने की कामना की। उन्होंने सभी को आगामी पाँच दिनों के लिए हार्दिक शुभकामनायें भी दीं। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया और सभी को एक घंटे का विश्राम दिया गया। तदोपरांत स्वयं-सेवियों का समूह क्रमानुसार परिचय सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद सभी ने रात्रि भोजन किया और भोजन के पश्चात सभी सांस्कृतिक सत्र में शामिल हुए। इस सत्र के मुख्य अतिथि स्थानीय कोठी-चैहणी जिला परिषद वार्ड से पार्षद श्री मान सिंह रहे। इस सत्र में विभिन्न स्वयं-सेवियों ने समूहवार अपनी-अपनी गायन प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने भी एक स्थानीय लोक गीत गाया तथा अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। इसके बाद सभी ने महाविद्यालय के गलियारे में एकत्र होकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया में भाग लिया और तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में विश्रामपूर्वक शयन के लिए चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का प्रथम शुभारम्भ दिवस पूर्ण अनुशासनसहित सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना मेगा शिविर - 2023
में
राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार
आपका हार्दिक स्वागत करता है।
















# राज्यस्तरीय एनएसएस शिविर शुरू

बंजार (कुल्लू)। उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का मेगा शिविर शुरू हुआ। शिविर 22 दिसंबर तक चलेगा। शिविर का उद्देश्य एनएसएस स्वयंसेवियों को स्वास्थ्य कार्य संस्कृति, नैतिक मूल्यों को विकसित, व्यक्तिगत विकास के संबंध में जीवन कौशल का प्रशिक्षण देना है।




एनएसएस मेगा शिविर में कुल्लवी नाटी डालते स्वयंसेवी।

बंजार महाविद्यालय में मेगा शिविर का प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने शुभारंभ किया। इसके बाद प्रदेश के 41 महाविद्यालयों के 177 स्वयंसेवियों ने प्राचार्य और मुख्यातिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम में बंजार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम सिंह विशिष्ट अतिथि और वल्लभ कॉलेज मंडी के सूरजमणि और राजकीय महाविद्यालय निहरी के कर्मचंद उपस्थित रहे।

शिविर के पहले दिन प्राणायाम, प्रभात फेरी, ड्रिल का आयोजन किया गया। मंच संचालक डॉ. लीना वैद्य ने ब्रेक द आइस सत्र का आयोजन किया। इसमें स्वयंसेवियों ने अपने और महाविद्यालय की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि सेवा की भावना को बढ़ावा देने में एनएसएस के शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनसे स्वयंसेवियों में जीवन कौशल और व्यक्तित्व का विकास होता है।

# ध्वजारोहण के साथ बंजार महाविद्यालय में हुआ राज्य स्तरीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ

## प्रदेशभर के 41 महाविद्यालयों के 127 स्वयंसेवी ले रहे भाग

बंजार, 18 दिसम्बर (नि.स.): राष्ट्रीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में सोमवार को राज्य स्तरीय पांच दिवसीय एन.एस.एस. मैगा शिविर का शुभारंभ किया।

यह शिविर 22 दिसम्बर तक चलेगा जिसका उद्देश्य एन.एस.एस. स्वयंसेवियों के बीच स्वस्थ कार्य संस्कृति विकसित करने, नैतिक मूल्यों को विकसित करने, व्यक्तिगत विकास के संबंध में जीवन कौशल को शिक्षित करने पर केंद्रित रहेगा। शिविर की दिनचर्या में विविध गतिविधियों में प्राणायाम, प्रभात फेरी, ड्रिल, इंटरैक्टिव सेशन, माइंड गेम, सांस्कृतिक आयोजन शामिल रहेंगे।

इस शिविर के प्रथम दिन में प्राणायाम, प्रभात फेरी, ड्रिल के बाद उद्घाटन की शुरुआत गार्ड आफ ऑनर के बाद मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण और एन.एस.एस. ध्वजारोहण के साथ हुआ। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दीपक कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बंजार बार एसोसिएशन के प्रमुख प्रीतम सिंह उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय की ओर से सूरज मणि वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी और कर्म चंद राजकीय महाविद्यालय निहरी एन.एस.एस. अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय एन.एस.एस. इकाई द्वारा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस शिविर में पूरे प्रांत के 41 महाविद्यालयों के 127 स्वयंसेवियों के साथ महाविद्यालय बंजार के 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। महाविद्यालय के उपप्राचार्य डा. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इसी समारोह के बीच में मंच संचालक डा. लीना वैद्य ने ब्रेक द आईस सैशन का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने अपने बारे में और अपने महाविद्यालय के बारे में बताया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दीपक कुमार शर्मा ने अपने भाषण में सेवा की भावना को बढ़ावा देने में ऐसे शिविरों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जिसमें समाज के भीतर सकारात्मक बदलाव लाने में छात्रों की अमूल्य भूमिका पर जोर दिया गया।

दोपहर बाद विभिन्न समूहों द्वारा पर्सनैलिटी ट्रैक्शन विद पर्सनल टैलेंट, वर्किंग सैशन, ड्रिल करवाई गई तथा बेटा-बेटी एक समान विषय पर चर्चा की गई।






दैनिक सवेरा टाइम्स

राष्ट्रीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में 18 से 22 दिसंबर तक चलेगा एनएसएस का राज्य स्तरीय मैगा शिविर

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 (सदभावना दिवस)**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **19 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **श्री शुभम द्विवेदी**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **200**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का दूसरा दिन सदभावना दिवस के रूप में दिनांक: 19 दिसंबर, 2023 को प्रात: 05:00 बजे आरम्भ हुआ। प्रात: 05:30 बजे से "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया करवाई गयी। इसके बाद परिसर में योगाभ्यास करने के बाद सभी ने नाश्ता किया।

नाश्ते के तुरंत बाद सभी को सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत रैली के रूप में स्थानीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गये गाँव बागी ले जाया गया। यहाँ सभी ने श्री श्रृंगा ऋषि जी के मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर सभी को गाँव चैहणी स्थित प्रसिद्ध कोठी-चैहणी ले जाया गया। इस सम्पूर्ण सामाजिक जागरूकता अभियान में सभी ने पर्यावरण संरक्षण, नशे के दुष्प्रभाव, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता ही सेवा आदि विषयों पर नारों के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया और लगभग 14 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई तय की। रैली के पश्चात सभी पुन: महाविद्यालय परिसर लौट आये। यहाँ आज के अकादमिक सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय रिज़र्व बैंक के जिला स्तरीय अग्रणी अधिकारी श्री शुभम द्विवेदी पहुँच चुके थे। उन्होंने सभी को बैंकिंग प्रणाली तथा ओनलाईन धोखाधड़ी के बारे में विस्तारसहित जानकारियां दीं। इस मौके पर स्थानीय बंजार इकाई के स्वयं-सेवियों द्वारा वित्तीय जागरूकता बारे एक लघु नाटिका का मंचन भी किया गया। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया और सभी को कुछ समय का विश्राम दिया गया। तदोपरांत स्वयं-सेवियों ने परेड का

अभ्यास किया और इसके बाद क्रमानुसार समूहवार प्रतिभा परिचय सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद सभी ने रात्रि भोजन किया और भोजन के पश्चात सभी सांस्कृतिक सत्र में सम्मिलित हुए। इस सत्र के मुख्य अतिथि स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार के अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता श्री राजेन्द्र ठाकुर रहे। इस सत्र में विभिन्न स्वयं-सेवियों ने समूहवार अपनी-अपनी नृत्य प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए उम्मीद ज़ाहिर की कि इस मेगा शिविर से सभी प्रतिभागी अपने आगामी जीवन के लिए भुत कुछ सीख कर जायेंगे। इसके बाद सभी ने महाविद्यालय के गलियारे में एकत्र होकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया में भाग लिया और तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में विश्रामपूर्वक सोने के लिए चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का द्वितीय सदभावना दिवस पूर्ण उत्साह तथा शिष्टतासहित सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।







NATIONAL SERVICE S
STATE LEVEL NSS MEGA C

राजकीय महाविद्यालय बंजार
कला मंच
NSS
NSS


ONAL SERVICE
EME
VEL NSS MEGA
2023
BANJAR

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 (स्वास्थ्य दिवस)**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **20 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. सत्यव्रत वैद्य**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **200**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का तीसरा दिन स्वास्थ्य दिवस के रूप में दिनांक: 20 दिसंबर, 2023 को प्रात: 05:00 बजे आरम्भ हुआ। प्रात: 05:30 बजे से "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया करवाई गयी। इसके बाद परिसर में व्यायाम करने के बाद सभी ने नाश्ता किया।

नाश्ते के बाद सभी ने कुछ देर विश्राम किया और फिर दिन की तैयारियां शुरू कीं। आज इस शिविर में स्वास्थ्य दिवस के अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू तथा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंजार के सामूहिक चिकित्सक दल ने स्वयं-सेवी रक्तदाताओं से कुल 34 यूनिट रक्त एकत्र किया। इस मौके पर आज के अकादमिक सत्र के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख डॉ. सत्यव्रत वैद्य रहे। उन्होंने सभी को मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित विभिन्न जानकारियां विस्तारसहित दीं। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया और सभी को कुछ समय का विश्राम दिया गया। तदोपरांत स्थानीय इकाई के स्वयं-सेवियों ने नेतृत्व क्षमता तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने परेड का अभ्यास किया। तत्पश्चात सभी ने रात्रि भोजन किया और भोजन के पश्चात सभी सांस्कृतिक सत्र के लिए एकत्र हुए। इस सत्र के मुख्य अतिथि स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनौण के कार्यालय अधीक्षक श्री भूपाल सिंह टाइगर रहे जबकि स्थानीय वयोवृद्ध विद्वान् प्रो. (डॉ.) वरयाम सिंह नेगी तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती तारा नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस सत्र में बचे हुए विभिन्न स्वयं-सेवियों ने समूहवार अपनी-अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्वयं भी हिंदी गीत पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया और बाद में अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें दीं और सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की। इसके बाद सभी ने महाविद्यालय के गलियारे में एकत्र होकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया और तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में विश्रामपूर्वक शयन हेतु चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का तृतीय स्वास्थ्य दिवस पूर्ण संतोष तथा प्रतिबद्धतासहित सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना मेगा शिविर
रक्तदान शिविर
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार(हि.प्र.)








रक्तदान शिविर






NATIONAL SERVICE SCHEME UNIT


NATIONAL SERVICE SC ME
Government of India
STATE LEVEL NSS MEGA
(18th to 22nd Dec, 20
NSS UNIT GOVT. UTKRISHT MAHAVIDY JAR
Welcomes You All


NATIONAL SERVICE SCHEME
Avtaar Sand


रक्तदान शिविर
राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार (हि.प्र.)



**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 (सामाजिक सेवा दिवस)**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 21 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. हरी लाल शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 200**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का चौथा दिन सामाजिक सेवा दिवस के रूप में दिनांक: 21 दिसंबर, 2023 को प्रात: 05:00 बजे आरम्भ हुआ। प्रात: 05:30 बजे से "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया में सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इसके बाद परिसर में व्यायाम करने के बाद सभी ने नाश्ता किया।

नाश्ते के बाद सभी ने मिलकर परिसर से बंजार बाज़ार और पुन: महाविद्यालय परिसर तक सामाजिक जागरूकता रैली निकली जिसमें सभी स्वयं-सेवियों ने नारों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके पश्चात आज के दिवस तथा अकादमिक सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. हरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, हिमाचल प्रदेश ने कार्यक्रम में शिरकत की। इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर पुष्प गुच्छ तथा पवित्र खतग देकर उनका अभिवादन किया। मुख्य द्वार से लेकर परिसर तक इकाई की स्वयं-सेवी प्रमुख सुश्री मोनू ठाकुर ने भव्य मार्च पास्ट के साथ उनकी अगवानी की। मार्ग के दोनों और खड़े स्वयं-सेवियों ने सेलूट तथा करतल ध्वनी से उनका भव्य स्वागत किया। परिसर में पहुँचकर सर्वप्रथम स्थानीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की नये वस्त्रों से सुसज्जित टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर प्रस्तुत किया। इसके पश्चात उन्होंने इकाई के स्वयं-सेवियों द्वारा बिना किसी सरकारी धन का प्रयोग किये केवल अपने श्रम और स्थानीय समाज के सहयोग से निर्मित राष्ट्रीय सेवा योजना कमल ताल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना स्मारक का औपचारिक अनावरण किया। इस अवसर पर कुल्लू से पधारे प्रसिद्ध सामाजिक सेवा संस्था "कार सेवा दल" के प्रमुख श्री मंदीप सिंह इस कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कार सेवा दल की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का उल्लेख किया और युवाओं से समाज के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया। अपने मुख्य अतिथि के रूप में दिए गये संबोधन में डॉ. हरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, हिमाचल प्रदेश ने स्थानीय इकाई के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे प्रदेश की श्रेठतम इकाइयों में से एक बताया। उन्होंने स्वयं-सेवियों से राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रत्येक गतिविधियों में बढ़-चढ़ भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने इस मेगा शिविर को नये कीर्तिमान सहित सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार तथा पूरी इकाई को हार्दिक साधूवाद दिया। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया और सभी को कुछ समय का विश्राम दिया गया। तदोपरांत व्यक्तित्व विकास से सम्बद्ध एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी के वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक आचार्या तथा हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ की अध्यक्षा डॉ. वनिता सकलानी विशेष अतिथि व वक्ता के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने सभी को व्यक्तित्व विकास के मूल पक्षों से अवगत करवाया और सभी से

कुशल, परिश्रमी, शिष्ट तथा अनुशासित व्यक्तित्व धारण करने का आह्वान किया। इसके बाद सभी ने परेड का अभ्यास किया। तत्पश्चात सभी ने रात्रि भोजन किया और भोजन के पश्चात सभी सांस्कृतिक सत्र में सम्मिलित हुए। इस सत्र के मुख्य अतिथि स्थानीय ग्राम पंचायत कंडीधार के उपप्रधान श्री महेंद्र चौहान रहे। इस सत्र में विभिन्न स्वयं-सेवियों ने समूहवार विभिन्न सामाजिक विषयों पर लघु नाटिकाओं का मंचन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें दीं और सभी के उन्नत व खुशहाल जीवन की कामना की। इसके बाद सभी ने महाविद्यालय के गलियारे में एकत्र होकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया और इसके बाद इस शिविर के आयोजन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने सभी स्वयं-सेवियों को दो-दो कोरे पृष्ठ वितरित किये और इन पर शिविर दौरान अपने-अपने सकारात्मक-नकारात्मक अनुभव निष्पक्ष होकर लिखने के लिए कहा। यह कार्य पूरा करके सभी अपने-अपने कक्ष में विश्रामपूर्वक सोने के लिए चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का चतुर्थ सामाजिक सेवा दिवस पूर्ण एकाग्रता तथा समर्पणसहित सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।








HEART


सद्भावना
NSS
LOTUS POND


NATIONAL SERVICE SCHEME
BANJAR
NOTME-BUTYOU







**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 (समापन दिवस)**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **22 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **200**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का चौथा दिन सामाजिक सेवा दिवस के रूप में दिनांक: 22 दिसंबर, 2023 को प्रात: 05:00 बजे आरम्भ हुआ। प्रात: 05:30 बजे से "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया में सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इसके बाद परिसर में व्यायाम करने के बाद सभी ने नाश्ता किया।

नाश्ते के बाद सभी ने मिलकर परिसर में समापन समारोह की तैयारियों में सहयोग किया। इस मेगा शिविर के

समापन अवसर पर स्थानीय महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि जबकि उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उमा ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस सम्पूर्ण समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों ने इस मेगा शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, शिविर पदक, स्मृति चिन्ह, राष्ट्रीय सेवा योजना मेगा शिविर बैच तथा पवित्र खतग वितरित किये। स्थानीय इकाई द्वारा एक नई पहल करते हुए सभी महाविद्यालय इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को सदभावना का प्रतीक स्वरुप पवित्र खतग स्वयं-सेवियों के माध्यम से प्रेषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को शिविर को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शुभकामनायें दीं। उन्होंने शिविर में सिखाई गयी बातों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इसके पश्चात कर्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने इस राज्य स्तरीय मेगा शिविर को सफल बनाने के लिए क्रमवार सभी का आभार प्रकट किया। इसके बाद सभी ने दोपहर का भोजन किया और फिर सामूहिक लोकनृत्य कुल्लवी नाटी में भाग लिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 हिमाचल प्रदेश के समस्त युवाओं को प्रदेश की खुशहाली तथा समृद्धि के प्रति समर्पित रहने के व्यावहारिक सन्देश के साथ संपन्न हो गया। अधिकांश महाविद्यालयों के स्वयं-सेवी अपने-अपने मूल स्थलों की और लौट गये जबकि कुछ महाविद्यालयों के स्वयं-सेवियों ने कल प्रात: जाने का निर्णय लेकर आज रात यहीं रुकने की सूचना दे दी थी। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 का समापन दिवस पूर्ण भावनात्मकता तथा मानवीय संकल्पों के साथ बेहद सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का आयोजन (प्रथम दिवस)**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 23 दिसंबर, 2023**
**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**
**स्वयं-सेवियों की संख्या : 53**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 के तुरंत बाद इकाई द्वारा दिनांक: 23 दिसंबर, 2023 से सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर भी आरम्भ किया गया। यह शिविर महाविद्यालय परिसर में दिनांक: 23 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2023 तक आयोजित किया गया जिसमें 50 स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। इस विशेष आवासीय शिविर के प्रथम दिन स्वयं-सेवियों ने प्रात: नाश्ते के पश्चात राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 के दौरान की गयी व्यवस्था साफ-सफाई को दुरुस्त किया और फिर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर दीप प्रज्ज्वलन कर इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य स्तरीय मेगा शिविर: 2023 को व्यापक सफलता दिलाने के लिए सभी स्वयं-सेवियों की सराहना की। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया। तत्पश्चात इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर की कार्यसूची पर विचार-विमर्श किया गया और फिर सांस्कृतिक गतिविधियाँ स्वयं-सेवियों द्वारा प्रदर्शित की गईं। इसके बाद सभी ने रात्रि भोजन किया और "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया। तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में शयन हेतु चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का प्रथम दिवस संतोषपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

















# एनएसएस का विशेष आवासीय शिविर शुरू

**बंजार।** राष्टीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा राज्य स्तरीय मेगा शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न करने उपरांत अब इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर शुरू किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा द्वारा महाविद्यालय के संगीत विभाग में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर इस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा सभी स्वयंसेवियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। जिला कुल्लू लाहौल-स्पीति नोडल अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने संपूर्ण व्यवस्था व प्रबंधन से जुड़े कार्यों को निष्पादित किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार के अंग्रेजी विभाग के प्रवक्ता व सहायक राष्ट्रीय छात्र वाहिनी अधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने परेड सत्र में स्वयंसेवियों को परेड की बारिकियों से अवगत करवाया।



**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का द्वितीय दिवस**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **24 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **प्रो. दीप कुमार**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **53**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के दूसरे दिन दिनांक: 24 दिसंबर, 2023 को स्वयं-सेवियों ने प्रात: 05:30 बजे उठकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया। इसके पश्चात सभी ने महाविद्यालय परिसर से स्थानीय बला गाँव स्थित मार्कंडेय ऋषि मंदिर और पुन: परिसर तक प्रभात फेरी निकली। इसके बाद सभी ने नाश्ता किया। नाश्ते के पश्चात आज के अकादमिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय थाची, जिला मंडी के प्राचार्य श्री दीप कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर उपभोक्ता अधिकार तथा इसके महत्त्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में इकाई के प्रयासों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी स्वयं-सेवियों की सराहना की। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया। तत्पश्चात दोपहर बाद के सत्र में स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार के अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता श्री राजेन्द्र ठाकुर ने स्वयं-सेवियों को जीवन में सफल व्यक्तित्व धारण करते हुए समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का सन्देश दिया। इसके बाद सांस्कृतिक सत्र में स्वयं-सेवियों ने संगीत विभाग में एकत्र होकर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद सभी ने रात्रि भोजन किया और "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया के अभ्यास सत्र में भाग लिया। तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में सोने के लिए चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का द्वितीय दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।











**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का तृतीय दिवस**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 25 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : श्री ललित ठाकुर**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 53**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के तीसरे दिन दिनांक: 25 दिसंबर, 2023 को स्वयं-सेवियों ने प्रात: 05:30 बजे उठकर "स्वयं को

जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में प्रात: वंदना की और फिर सभी ने नाश्ता किया। नाश्ते के पश्चात सभी ने कुछ देर परेड का अभ्यास किया। इसके बाद आज के अकादमिक सत्र में स्थानीय संस्था "सिराज पर्यटन विकास संगठन जीभी" के प्रमुख व पर्यटन व्यवसायी श्री ललित ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सभी को पर्यटन व्यवसाय के लाभ तथा हानियों से अवगत करवाया तथा साथ ही वैश्विक पर्यटन के युग में अपनी संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत बताई। उन्होंने बहुत सारी जानकारियां देने के साथ-साथ युवाओं को पर्वतारोहण के क्षेत्र में भी रूचि लेने का आह्वान किया। उन्होंने इकाई के विभिन्न सामाजिक तथा पर्यावरण सम्बन्धी प्रयासों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी स्वयं-सेवियों की सराहना भी की। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया। तत्पश्चात दोपहर बाद सभी स्वयं-सेवियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। इसके बाद सभी स्वयं-सेवियों ने "पर्यटन, शिक्षा तथा युवा" विषय पर वाद-विवाद में भाग लिया और बाद में संगीत विभाग में एकत्र होकर सांस्कृतिक सत्र में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद सभी ने रात्रि भोजन किया और फिर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया के अभ्यास सत्र में शामिल हुए। तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में शयन हेतु चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का तृतीय दिवस सौहार्दपूर्वक संपन्न हुआ।







राजकीय महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना




**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का चतुर्थ दिवस**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 26 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 53**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के चौथे दिन दिनांक: 26 दिसंबर, 2023 को स्वयं-सेवियों ने प्रात: 05:30 बजे उठकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर व्यायाम किया और फिर सभी ने नाश्ता किया। नाश्ते के पश्चात सभी स्वयं-सेवी सामाजिक जागरूकता रैली के रूप में इकाई द्वारा गोद लिए गए गाँव बागी की ओर रवाना हुए। यहाँ पहुंचकर सभी ने श्री श्रृंगा ऋषि जी के मंदिर में पूजा-अर्चना तथा भजन-कीर्तन किया। यहाँ से वापिस आकर सभी ने दोपहर भोजन किया। तत्पश्चात दोपहर बाद अकादमिक सत्र में आज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों को शिक्षा प्राप्ति के साथ-साथ जीवन मूल्यों के प्रति भी संवेदनशील रहने का आह्वान किया। इसके बाद सभी स्वयं-सेवियों ने परेड का अभ्यास किया और इसके पश्चात सभी संगीत विभाग में एकत्र हुए जहाँ सांस्कृतिक सत्र में स्वयं-सेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके बाद सभी ने रात्रि भोजन किया और फिर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया के अभ्यास सत्र में सम्मिलित हुए। तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में सोने के लिए चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का चौथा दिवस उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।


विशेष शिविर


राष्ट्रीय सेवा योजना
विशेष शिविर





**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का पाँचवाँ दिवस**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **27 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. कुलदीप सिंह**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **53**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के पाँचवें दिन दिनांक: 27 दिसंबर, 2023 को स्वयं-सेवियों ने प्रात: 05:30 बजे उठकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर प्रात: वंदना में भाग लिया और फिर सभी ने नाश्ता किया। नाश्ते के पश्चात सभी ने परेड का अभ्यास किया। तत्पश्चात आज के अकादमिक सत्र में स्थानीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के आचार्य डॉ. कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों को महाविद्यालय में ज्ञानार्जन के साथ-साथ प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना बंजार इकाई को हिमाचल प्रदेश की श्रेष्ठ इकाई बताया और इसका सम्पूर्ण श्रेय कार्यक्रम अधिकारी तथा सभी स्वयं-

सेवियों को देते हुए इकाई की प्रशंसा भी की। इसके बाद सभी ने मिलकर दोपहर भोजन किया। तत्पश्चात सभी स्वयं-सेवियों ने परेड का अभ्यास किया और इसके बाद सभी संगीत विभाग में एकत्र हुए जहाँ स्वयं-सेवियों ने पहले “पर्यावरण प्रदूषण” विषय पर वाद-विवाद में भाग लिया और बाद में एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। इसके अलावा स्वयं-सेवियों ने नाटी भी प्रस्तुत की। इसके बाद सभी ने मिलकर रात्रि भोजन किया और फिर “स्वयं को जाने” शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया के अभ्यास सत्र में भाग लिया। तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में रात्रि विश्राम के लिए चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का पाँचवाँ दिवस आनंदपूर्वक संपन्न हुआ।









**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का छठवाँ दिवस**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 28 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 53**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के छठवें दिन दिनांक: 28 दिसंबर, 2023 को स्वयं-सेवियों ने प्रात: 05:30 बजे उठकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर प्रात: वंदना में भाग लिया और फिर सभी ने नाश्ता किया। नाश्ते के पश्चात सभी ने परेड का अभ्यास किया। इसके बाद स्वयं-सेवियों ने व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल से सम्बंधित विभिन्न खेलों तथा गतिविधियों में भाग लिया और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में अपने-अपने व्यक्तिगत अनुभव सबके समक्ष रखे। इसके बाद सभी ने मिलकर दोपहर भोजन किया। तत्पश्चात आज के अकादमिक सत्र में स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों को भष्टाचार के सम्बन्ध में जानकारी दी और सभी को अपने जीवन तथा कार्यस्थल में सादगी, ईमानदारी तथा परिश्रमसहित निरंतर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना बंजार इकाई को हिमाचल प्रदेश की श्रेष्ठतम इकाइयों में से एक बनाने के लिए सभी की प्रशंसा करते हुए इस इकाई को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए और अधिक मेहनत तथा अनुशासित प्रयास करने का सभी से आह्वान भी किया। तत्पश्चात सभी स्वयं-सेवियों ने परेड का अभ्यास किया और इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने सभी को कुशल तथा अकुशल मूलों के बारे बे बताया। उन्होंने सभी को अपने विचार, भाव तथा व्यवहार शुद्ध रखने के लिए निरंतर अभ्यास करने तथा सदैव अकुशल को त्यागकर कुशल

व्यवहार अपनाने पर बल दिया। तत्पश्चात सभी संगीत विभाग में एकत्र हुए जहाँ स्वयं-सेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रस्तुत की। इसके बाद सभी ने मिलकर रात्रि भोजन किया और फिर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया के अभ्यास सत्र में शामिल हुए। तदोपरांत सभी अपने-अपने कक्ष में सोने के लिए चले गये। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का छठवाँ दिवस प्रसन्नतापूर्वक संपन्न हुआ।











**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का सातवाँ तथा अंतिम दिवस**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 29 दिसंबर, 2023**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 53**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के सातवें व अंतिम दिन दिनांक: 29 दिसंबर, 2023 को स्वयं-सेवियों ने प्रात: 05:30 बजे उठकर "स्वयं को जाने" शीर्षक आधारित ध्यान क्रिया का अभ्यास किया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर व्यायाम किया और फिर सभी ने नाश्ता किया। नाश्ते के पश्चात सभी ने अपने-अपने कमरों को साफ किया। इसके बाद सभी स्वयं-सेवी इस सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के समापन समारोह के लिए महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एकत्र हुए। इस अवसर पर स्थानीय महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के द्वारा किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं-सेवियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी दुर्गेश्वरी ठाकुर और स्वयं-सेवी डिंपल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि तथा सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत स्वयं-सेवी अक्षता द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार द्वारा विगत सात दिनों में इकाई के स्वयं-सेवियों द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा सभी स्वयं-सेवियों को इकाई की ओर से स्मृति-चिन्ह, राष्ट्रीय सेवा योजना बैज तथा शिविर पदक प्रदान किये गये। तत्पश्चात अपने संबोधन में मुख्य अतिथि द्वारा सभी को सफलतापूर्वक शिविर पूरा करने के लिए बधाई दी गयी। उन्होंने सभी को भविष्य में

सफल व्यक्तित्व धारण करने के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ. रेणुका थपलियाल, डॉ. रमेश कुमार यादव, डॉ. लीना वैद्य, डॉ. योग राज, डॉ. दुनी चंद, डॉ. हेम लता, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. विकास कुमार, श्री टिक्कम राम, श्री ईशान मार्वल, श्री रामा नन्द, श्री अतुल चौधरी, सुश्री लता देवी, श्री अंशुल शर्मा, डॉ. अनिल कुमार, श्री विकास नेगी, डॉ. डाबे राम, डॉ. प्रवेश शर्मा, श्री दीपक कुमार सिंह आदि भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन स्वयं-सेवी दीपेश्वरी द्वारा किया गया। समारोह के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान गया और इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: 2023 का समापन समारोह गरिमामयी रूप से संपन्न हुआ। इसके बाद सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने स्वयं-सेवियों के साथ मिलकर दोपहर का भोजन किया और तदोपरांत सभी ने मिलकर सामूहिक नृत्य नाटी की। अंत में सभी स्वयं-सेवियों ने बर्तनों को धोकर भंडार कक्ष में रखा और बला मंदिर से लाये गये बर्तनों को मंदिर ले जा कर मंदिर कमेटी के सदस्यों को सौंपा। इसके बाद सभी ने परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और फिर सभी ख़ुशी-ख़ुशी अपने-अपने घरों की ओर लौट गये। संक्षेप में कहा जाये तो राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के कर्मयोगी, अनुशासित तथा प्रतिबद्ध स्वयं-सेवियों ने पहले 18 से 22 दिसम्बर, 2023 तक पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय मेगा शिविर और फिर लगातार 23 से 29  दिसम्बर, 2023 तक सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित कर राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना "सेवा-सदभाव-सौहार्द" को वास्तव में चरितार्थ किया है। इनकी शिष्टता, दक्षता, कार्यकुशलता, सेवाभाव तथा समर्पण के लिए मुख से केवल यही शब्द निकलते हैं:- "मेरे बच्चे सबसे अच्छे"।
















**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** : **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रथम चरण आयोजित**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि** : **07 मार्च, 2024**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** : **डॉ. दीपक कुमार शर्मा**

**स्वयं-सेवियों की संख्या** : **40**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन


राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 07 मार्च, 2024 को "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रथम चरण आयोजित किया गया जिसमें मतदाता जागरूकता रैली, सार्वजानिक भाषण तथा नुक्कड़ नाटक आदि द्वारा बंजार क्षेत्र के आम मतदाता विशेषकर आगामी लोकसभा आम चुनावों में पहली बार अपने मत का प्रयोग करने जा रहे युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा द्वारा परिसर में अपने संबोधन के साथ किया गया। उपप्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वयं-सेवियों ने परिसर में मतदाता जागरूकता विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। इसके बाद उपप्राचार्य द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर बंजार बाज़ार की और रवाना किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से पहले नया बस स्टैंड बंजार पहुंची जहाँ स्वयं-सेवी दुर्गेश्वरी ठाकुर ने सार्वजानिक संबोधन हेतु कार्यक्रम का संचालन किया और स्वयं-सेवी कंगना वशिष्ट तथा स्वयं-सेवी भुवनेश्वरी ने अपने-अपने भाषणों द्वारा आम लोगों को अपने मताधिकार के निष्पक्ष तथा भयरहित प्रयोग के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयं-सेवियों ने मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक भी लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद यह मतदाता जागरूकता रैली बंजार बाज़ार से होते हुए पुराना बस स्टैंड बंजार पहुंची। यहाँ भी स्वयं-सेवियों ने लोगों के सामने मतदाता जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसके साथ-साथ स्वयं-सेवी शुभम स्वामी तथा स्वयं-सेवी हमिन्द्रा ठाकुर ने अपने-अपने संबोधन द्वारा लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान से परिचित करवाया। इसके पश्चात यह रैली महाविद्यालय परिसर लौट आई। इस प्रकार "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।














बंजार : रैली निकालकर लोगों को जागरूक करते हुए एन.एस.एस. स्वयंसेवी।



# रैली व नाटक से बताया वोट का महत्व

## शिक्षकों, विद्यार्थियों व स्वयंसेवियों को मतदाता शपथ दिलाई

बंजार, 7 मार्च (लक्ष्मण) : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा राष्ट्रव्यापी मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से प्राचार्य डा. दीपक कुमार शर्मा ने किया।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपूर्ण बंजार क्षेत्र में आम जनता तथा युवा मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया।

उपप्राचार्य डा. योगिंदर सिंह ठाकुर ने उपस्थित सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों व स्वयंसेवियों को मतदाता शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी से निष्पक्ष और अनिवार्य मतदान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। उसके बाद स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया, वहीं उपप्राचार्य द्वारा सभी स्वयंसेवकों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से लोगों को जागरूक करती हुई सर्वप्रथम बंजार के नए बस स्टैंड पहुंची, जहां स्वयंसेवी दुर्गेश्वरी ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया। स्वयंसेवी कंगना वशिष्ट तथा भुवनेश्वरी ने अपने भाषण के माध्यम से मतदाता जागरूकता पर विचार प्रकट किए और नुक्कड़ नाटिका को सभी के सामने प्रदर्शित किया गया। उसके बाद मतदाता जागरूकता रैली पुराना बस स्टैंड बंजार पहुंची, जहां स्वयंसेवी शुभम स्वामी तथा इमिंद्रा ठाकुर ने लोगों को अपने संबोधन से जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने नुक्कड़ नाटक लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया और लोगों को वोट के महत्व से अवगत करवाया गया।

अंत में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के अंतर्गत आयोजित यह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में वापस आकर संपन्न हुआ।

**कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार**

**द्वारा “मेरा पहला वोट देश के लिए” अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का द्वितीय चरण आयोजित**

**आयोजन/ प्राप्ति तिथि : 09 मार्च, 2024**

**मुख्य/ विशिष्ट अतिथि : प्रो. रामा नन्द**

**स्वयं-सेवियों की संख्या : 40**

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 09 मार्च, 2024 को “मेरा पहला वोट देश के लिए” अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का दूसरा चरण महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस सम्पूर्ण मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संचालन स्वयं-सेवी संध्या देवी द्वारा किया गया। इसमें इकाई के स्वयं-सेवियों ने भाषण तथा काव्य-पाठ के माध्यम से मतदाता जागरूकता विषय के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए सभी युवाओं से चुनावों में अपना मत अवश्य देने का अहवान किया गया। उन्होंने मतदाता जागरूकता बारे इकाई के प्रयासों को संतोषजनक बताते हुए ऐसे प्रयास जारी रखने पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने भी स्वयं-सेवियों को मतदान तथा मतदाता जागरूकता सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अंत में सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान गायन उपरांत “मेरा पहला वोट देश के लिए” अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का द्वितीय चरण विधिवत रूप से संपन्न हो गया।












युवा निष्पक्ष व निडर होकर करें अपने मत का उपयोग : प्रो. रामानंद

मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के अंतर्गत तृतीय चरण के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन


शिवा मेडिकोज लैब एवं एक्स रे सैन्टर
Authorised Collection Centre
Dr Lal PathLabs
COMPLETE HEALTH PROFILE PACKAGE
₹1000 ONLY
1 SUGAR FASTING(शुगर टैस्ट)
2 RFT- (गुर्दे के टैस्ट) UREA, CREATININE, URIC ACID




'मेरा पहला वोट देश के लिए' पर कार्यक्रम


राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में किया आयोजन, वोट के महत्व पर दी जानकारी

| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम/ गतिविधि का नाम** | **: राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का तृतीय तथा अंतिम चरण आयोजित** |
| **आयोजन/ प्राप्ति तिथि** | **: 12 मार्च, 2024** |
| **मुख्य/ विशिष्ट अतिथि** | **: डॉ. दीपक कुमार शर्मा** |
| **स्वयं-सेवियों की संख्या** | **: 40** |

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा दिनांक: 12 मार्च, 2024 को "मेरा पहला वोट

देश के लिए” अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का तीसरा व आखरी चरण महाविद्यालय के सम्मलेन कक्ष में आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति प्रमुख आचार्य रामा नन्द तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में इकाई के स्वयं-सेवियों ने मतदाता जागरूकता विषय पर गलियारे में रंग-बिरंगी रंगोलियाँ बनाकर तथा हाथों में मेंहदी लगाकर मतदाता जागरूकता विषय पर अपने-अपने प्रयास प्रदर्शित किये। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने मतदाता जागरूकता बारे इकाई के स्वयं-सेवियों द्वारा किये गये विभिन्न प्रयासों को सराहा। उन्होंने सभी को साधुवाद देते हुए इकाई के सामाजिक जनचेतना अभियानों को जारी रखने का आह्वान किया। अंत में सामूहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगान गायन के साथ “मेरा पहला वोट देश के लिए” अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का तृतीय तथा अंतिम चरण सफलतापूर्वक समाप्त हो गया।

















मेरा पहला वोट, देश के लिए


VOTER AWARENESS
CAMPAIGN
NSS UNIT GDC BANJAR


I ♥ NSS


ॐ
श्री श्रृंगा ऋषि
जी महाराज
बागी
(मंदिर मार्ग)
NSS Unit Govt. Degree College Banjar









"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Ms. Sandhya Devi
B.A.-2nd Year
27th National Youth Festival
Nashik (Maharashtra) 2024


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Mr. Puneet
B.A.-3rd Year


INTERNATIONAL VOLUNTEER DAY BY NSS UNIT GDC BANJAR
WORLD AIDS DAY
NSS FOUNDATION DAY
SWACHHATA HI SEWA CAMPAIGN
NSS UNIT GDC BANJAR







CERTIFICATE


It is certified that Mr. Vojraj N.S.S. Volunteer of G.D.C. Bonjar has performed his duty on Poll day 01/06/2024 at P.S. 150 Bashir his interest

Certificat may be used for their bright future

Place: Bashir

Dated: 01/06/2024

PRO



Dated
01/06/2024

CERTIFICATE

It is certified that Mr. Lalit Thakur N.S.S. Volunteer of G.D.C. Bonjar has performed his duty on Poll day 01/06/2024. P.S. 150 Bashir his interest.

Certificate may be used for their bright future

Place – Bashir

PRO













WELCOMES
YOU













BANJAR


NATIONALSERVICESCHEME
BANJAR
NOTME-BUTYOU


SUCCESS
COMING TOGE
KEEPING TOGETH
WORKING TO


I ♥ NSS


COME TOGETHER FOR A
BETTER FUTURE HEALTHY
AND WEALTHY H.P.


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Ms. Monu Thakur
B.A.-3rd Year
North Zone Pre-Republic Day Camp
Fatehabad (Haryana) 2023


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Ms. Shabnam
B.A.-3rd Year
State Level Pre-Republic Day Camp
Bilaspur (H.P.) 2023


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Mr. Yog Raj
B.A.-1st Year
Best NSS Volunteer (Boys)
Session: 2023-24


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Ms. Durgeshwari Thakur
B.A.-3rd Year
Best NSS Volunteer (Girls)
Session: 2023-24
Selected in M.A. Political
Science, H.P. University, Shimla


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Mr. Lalit Thakur
B.A.-1st Year
NSS Adventure Camp Hatkoti,
Shimla (H.P) 2024


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द "
Mr. Jhabe Ram
B.A.-2nd Year
NSS Adventure Camp Hatkoti,
Shimla (H.P.) 2024


"Not Me But You"
"सेवा-सद्भाव-सौहार्द"
Ms. Sunita Devi
B.A.-3rd Year
Selected in M.A. Sanskrit
H.P. University, Shimla




















NSS GDC BANJAR


राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय बंजार


NATIONAL SERVICE SCHEME
BANJAR
NOT ME - BUT YOU


ARILY HAVE THE TIME
HE HEART

























**(Dr. Sarwan Kumar)**
**PROGRAMME OFFICER**
**National Service Scheme Unit &**
**NODAL OFFICER**
**NSS District Kullu & Lahaul-Spiti**

**(Dr. Renuka Thapliyal)**
**PRINCIPAL**
**Govt. College Banjar &**
**CHIEF PATRON**
**National Service Scheme Unit**